राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 259
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 13 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 'आजादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है
पेज 4 डीआईजी ने झांसी मंडल के तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों
पेज 6 शुभमन गिल बने जुलाई महीने के हश्वलेयर ऑफ द मंथ

## संक्षिप्त खबरें

### विपक्ष भी उपराष्ट्रपति उम्मीदवार उतारेगा, 18 अगस्त को मीटिंग

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत कर रहे हैं। भारत के उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी और उसी दिन मतगणना भी होगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### जयपुर में कृत्रिम बारिश की पहली कोशिश फेल हुई

**जयपुर।** जयपुर के रामगढ़ बांध इलाके में मंगलवार ड्रोन से कृत्रिम बारिश करवाने का पहला प्रयास फेल हो गया। बादल काफी ऊपर थे। इसलिए क्लाउड सीडिंग नहीं हुई। ड्रोन 400 फीट तक ही उड़ा पाए। इससे ऊपर उड़ाने की अनुमति नहीं थी। कृत्रिम बारिश कराने वाली कंपनी जेन एक्स एआई के डायरेक्टर अजिंक्या धूमबाड़े ने कहा- आज 400 फीट की ऊंचाई तक ड्रोन उड़ाकर डेमो किया गया। 7 से 10 दिन में ज्यादा ऊंचाई पर ड्रोन उड़ाने की अनुमति मिल जाएगी। फिर हम ज्यादा ऊंचाई वाले बादलों पर ड्रोन उड़ाकर क्लाउड सीडिंग करेंगे।

### विरोध प्रदर्शन



कुत्ता प्रेमी लोग नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के बाहर सभी आवारा कुत्तों को आश्रय गृहों में स्थानांतरित करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## पिक्चर अभी बाकी है

### एक नहीं, कई सीटों की वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, ये नेशनल लेवल पर किया जा रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा, केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है।

बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा- हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। पिक्चर अभी बाकी है। राहुल ने कहा- चुनाव आयोग यह जानता है और हम भी जानते हैं। पहले कोई सबूत नहीं था, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं। एक व्यक्ति एक वोट संविधान की नींव है। EC का कर्तव्य है कि वो एक व्यक्ति एक वोट को लागू करे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हम ऐसा करते रहे हैं और करते रहेंगे।




### विपक्ष ने संसद से चुनाव आयोग तक मार्च निकाला था

वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष के 300 सांसदों ने सोमवार को संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला था। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया था। हिरासत में लिए जाने के बाद राहुल गांधी ने कहा था- यह संविधान बचाने की लड़ाई है। ये एक व्यक्ति-एक वोट की लड़ाई है, इसलिए हमें साफ वोटर लिस्ट चाहिए। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि यह सरकार डरी हुई है और कायर है।

### विपक्षी सांसद संसद में मिंता देवी की तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे

दरअसल संसद के दोनों सदनों में भी बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा चल नहीं पाई।

सदन की कार्यवाही शुरू के होने के पहले प्रियंका गांधी समेत इंडिया ब्लॉक के सांसद मकर द्वार पर मिंता देवी के नाम और तस्वीर वाली टीशर्ट पहनकर पहुंचे।

विपक्ष का दावा है कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने माना, आधार नागरिकता का सबूत नहीं

### जिंदा लोगों को मृत बताने पर चुनाव आयोग बोला- गलतियां स्वाभाविक

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को बिहार में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) पर सुनवाई हुई।

आरजेडी सांसद मनोज झा की तरफ से पैरवी कर रहे वकील कपिल सिब्बल ने कहा- बिहार की वोटर लिस्ट में 12 जीवित लोगों को मृतक बताया गया है।

चुनाव आयोग की तरफ से सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने कहा- इस प्रकार की एक्सरसाइज में कुछ गलतियां स्वाभाविक थीं। यह दावा करना कि मृतकों को जीवित और जीवित को मृत घोषित किया गया, यह सही किया जा सकता है, क्योंकि यह एक मसौदा था।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- तथ्यों और आंकड़ों के साथ तैयार रहें, क्योंकि प्रक्रिया शुरू होने से पहले वोटरों की संख्या, प्रोसेस से पहले और अब मृतकों की संख्या समेत अन्य कई सवाल उठेंगे।



मामले पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच में सुनवाई चल रही है।

### आधार नागरिकता का पक्का सबूत नहीं : सुप्रीम कोर्ट

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय चुनाव आयोग के इस विचार का समर्थन किया कि आधार को नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं माना जाना चाहिए, और कहा कि इसका स्वतंत्र रूप से सत्यापन किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

## श्रीनगर में अलगाववादी यासीन के घर समेत 8 जगह छापे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की स्टेट इंवेस्टिगेशन एजेंसी की मंगलवार को श्रीनगर के 8 ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। मामला अप्रैल 1990 में घाटी में आतंकवाद के चरम के दौरान कश्मीरी पंडित महिला सरला भट के अपहरण-हत्या से जुड़ा है। जिन जगहों पर एसआईए की रेड जारी है, उनमें J&K लिब्रेशन फ्रंट के पूर्व चीफ यासीन मलिक का मैसूमा स्थित घर भी शामिल है। यहां डिप्टी एसपी आबिद हुसैन, एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट और दूसरे पुलिसकर्मी जांच के लिए पहुंचे हैं। यासीन मलिक को टेरर फंडिंग केस में मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। फिलहाल वो दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। यासीन का बेटा गुलाम कादिर मलिक भी तिहाड़ में ही बंद है। ये छापे एफआईआर संख्या 56/1990, धारा 302, 120 CrPC, 3/27 आर्म्स एक्ट और 3/2 टाडा के तहत दर्ज किए गए थे।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- दिल्ली-एनसीआर में पुराने वाहनों पर रोक नहीं

### 10 साल पुराने डीजल, 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर कार्रवाई न करने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने वाले आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी। तब तक किसी भी वाहन मालिक के खिलाफ सिर्फ पुराना वाहन होने के आधार पर कार्रवाई नहीं की जाए।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के



विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने यह आदेश दिया। इस मामले में दिल्ली सरकार की पैरवी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने की। पुराने वाहनों पर रोक लगाने से राहत देने का अनुरोध किया था।

मेहता ने कहा कि कई लोग अपने वाहनों का उपयोग सीमित रूप से करते हैं, जैसे घर से दफ्तर आने-जाने के लिए। ऐसे वाहन साल में शायद 2000 किलोमीटर भी नहीं चलते लेकिन मौजूदा नियम के तहत इस तरह के वाहन को भी 10 साल बाद बेचना पड़ेगा।

## पाकिस्तान ने भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों की गैस सप्लाई रोकी

### लोकल वेंडर्स को गैस सिलेंडर न देने के निर्देश, मिनरल वाटर और न्यूज पेपर भी बंद किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें।

इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूजपेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर पर लिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ढ्रस्ढ़ की



योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है।

जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है।

### पाकिस्तान का यह कदम वियना कन्वेंशन का उल्लंघन

पाकिस्तान के गैस, पानी और अखबार रोकने का फैसला वियना कन्वेंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस (1961) का उल्लंघन है। कन्वेंशन के आर्टिकल 25 के मुताबिक मेजबान देश को डिप्लोमैटिक मिशन के सुचारू काम के लिए सभी सुविधाएं देनी होती हैं।

पाकिस्तान ने जानबूझकर ये बुनियादी सप्लाई रोककर मिशन के काम और राजनयिकों की रोजमर्रा की जिंदगी में रुकावट डाली। कन्वेंशन का मकसद है कि डिप्लोमैट बिना भय और हस्तक्षेप के काम कर सकें। पाकिस्तान की ये हरकतें सीधे तौर पर दबाव का माहौल बनाने की कोशिश है।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव मंजूर

### स्पीकर ने 3 सदस्यीय कमेटी बनाई; कहा- आरोप गंभीर, पद से हटाने की कार्रवाई जरूरी

**नई दिल्ली।** कैश कांड मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ मंगलवार को लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। स्पीकर ने कहा, मुझे रविशंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता समेत कुल 146 सदस्यों के हस्ताक्षर से प्रस्ताव मिला है।

उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने की मांग है। स्पीकर ने जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का ऐलान किया। इसमें सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के 1-1 जज और 1 कानूनविद शामिल हैं।



जांच समिति की रिपोर्ट आने तक यह महाभियोग प्रस्ताव लंबित रहेगा।

### स्पीकर बिरला ने कहा- तथ्य करप्शन की तरफ इशारा कर रहे

हमने न्यायाधीश जांच अधिनियम के प्रावधानों का अध्ययन किया है। हमने सुप्रीम कोर्ट के घोषित कानूनों के साथ-साथ कई अन्य फैसलों की जानकारी भी रखी है।

सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत को गंभीर प्रकृति का पाया है। इनहाउस प्रक्रिया का पालन किया।

सीजेआई ने इस मामले पर विचार करने के बाद जस्टिस वर्मा की प्रतिक्रिया और दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की प्रतिक्रिया पर राय बनाई कि इस पर गहन जांच जरूरी है। इसलिए एक 3 सदस्यों वाली कमेटी बनाई गई।

हमें याद है कि तत्कालीन सीजेआई ने यह रिपोर्ट पीएम और राष्ट्रपति को भेजी है। यह भी कहा है कि इस केस में पूर्व प्रावधानों के अनुसार काम किया है। समिति की रिपोर्ट में आरोप इस प्रकृति के हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने की कार्रवाई शुरू करने की जरूरत है।

स्वतंत्र जांच के बाद हमें यह पता चला है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 124 के तहत जज को हटाने की प्रक्रिया नियमों के अनुसार शुरू की जानी चाहिए।

बेदाग चरित्र न्यायपालिका में एक आदमी के विश्वास की नींव है। वर्तमान केस में जुड़े तथ्य भ्रष्टाचार की तरफ इशारा करते हैं और कार्रवाई के लिए प्रेरित करते हैं।

## वोटर वेरिफिकेशन पर हंगामा- विपक्ष ने लोकसभा में कागज फाड़े

### चेयर की ओर फेंके; पीठासीन बोले- विपक्ष के उपनेता के इशारे पर ऐसा हुआ

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों में बिहार एसआईआर पर चर्चा की मांग को लेकर मंगलवार को भी विपक्ष ने हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा और राज्यसभा स्थगित कर दी गई। शाम 4: 30 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा होने लगा।

विपक्षी सांसदों ने कागज फाड़कर स्पीकर की कुर्सी की ओर फेंके। इस दौरान भाजपा सांसद जगदंबिका पाल सदन की कार्यवाही चला रहे थे।



उन्होंने कहा- उपनेता (विपक्ष) की ओर से इशारा किया गया। इसके बाद कागज फाड़कर चेयर की ओर फेंके गए।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- आपने सदन की गरिमा गिराई है। देश आपको माफ नहीं करेगा। आपके क्षेत्र के लोग आपसे दुखी होंगे। इसके बाद लोकसभा सोमवार 18 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वहीं, नेशनल एंटी-डोपिंक (संशोधन) बिल- 2025 और नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल- 2025 राज्यसभा से पास हो गया। इसके बाद राज्यसभा भी 18 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई।



### हैप्पी मॉर्निंग

पति दारू पीकर रात को घर देरी से पहुंचा, तो पत्नी हाथ में झाड़ू लेकर सामने खड़ी थी...!

पति - कितना काम करेगी तू...? ला ये झाड़ू मुझे दे दे, रात के दो बजे हैं, सोना नहीं है क्या...? कुछ तो अपना ख्याल कर पगली...!

ये सुनकर बेचारी पत्नी की आंखों में आंसू आ गए...!



### शायरी

जौ दोउनु कौ एकही, कह्यौ
जनक जग-बंद।
तौ सुरसरि तें घटि कहा, यह
अछूत, द्विज मंद॥

### अर्थसार



संसेक्स:
80,235.59
-368.48 (0.46%)
निफ्टी:
24,487.40
-97.65

### मौसम



अधिकतम : 34 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 5 : 50
सूर्यास्त बुधवार : 7 : 05

## सिरसा के होटल में कपल की लाश मिली

### युवक दुकानदार और युवती बीए सेकेंड ईयर की स्टूडेंट थी; मरने वाली के पिता हरियाणा पुलिस में

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा के एक होटल में कपल ने सुसाइड कर लिया। युवक कमरे के अंदर पंखे पर लटका मिला, जबकि युवती की लाश बेड पर पड़ी थी। उसने जहर निगला था।

सुसाइड का खुलासा तब हुआ, जब युवती के परिजन उसे ढूंढते हुए होटल पहुंचे। उन्होंने दरवाजा खटखटाकर कमरा खुलवाने की कोशिश की लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद पुलिस बुलाई गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर दोनों मृत मिले। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर होटल का कमरा सील कर दिया। पुलिस के मुताबिक मरने वाली युवती डेरा सच्चा सौदा कॉलेज में बीएड सेकेंड ईयर की छात्रा थी। वह कॉलेज जाने की कहकर ही घर से निकली थी। वह अपनी 3 बहनों में सबसे बड़ी थी। उसके पिता हरियाणा पुलिस में कॉन्स्टेबल हैं और फतेहाबाद के भट्टू थाने में तैनात हैं। वहीं, युवक किराने की दुकान चलाता था, वह किसी को बिना बताए ही घर से आया था। दोनों कल (11 अगस्त) से होटल में ठहरे थे।

### हिंसक झड़प

### कांच की बोतलें फेंकीं, 10 घायल; मामूली विवाद पर भड़की हिंसा, हालात संभालने राजस्थान पुलिस बुलाई

## नूंह में दो पक्षों के बीच पथराव, बाइक-दुकानें फूंकीं

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका में मंगलवार शाम को 2 पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान छतों से पथराव हुआ, कांच की बोतलें फेंकी गईं। इसके साथ ही एक बाइक को आग के हवाले कर दिया गया। लोगों ने दुकानों में भी आग लगा दी। इसमें करीब 10 लोग घायल हुए हैं। हालात संभालने के लिए राजस्थान बॉर्डर के थानों की पुलिस भी बुलानी पड़ी। इसके बाद भी मामला शांत नहीं हुआ। इलाके में पुलिस की 2 कंपनियां तैनात कर दी गई हैं।

झगड़े का कारण अलग-अलग समुदाय के दो युवकों के बीच हुई मामूली बहस थी, जिसने हिंसा का



रूप ले लिया।

### सड़क पर खड़ी कार बनी विवाद की जड़

फिरोजपुर झिरका के गांव मुड़ाका में मंगलवार की शाम पास के गांव के रहने वाले इसरा का बेटा अपनी कार सड़क के बीच खड़ी कर उसमें कोल्ड ड्रिंक पी रहा था। गांव का ही समय सिंह बाइक से वहां पहुंचा और रास्ता साफ करने को कहा। कुछ ही पलों की बहस में माहौल तनातनी वाला हो गया और इसरा के बेटे ने कार से उतरकर कोल्ड ड्रिंक की बोतल समय के सिर पर दे मारी। बोतल के वार से समय का सिर फट गया और खून बहने लगा।

### फावड़े से दूसरा हमला, भीड़ में फैला गुस्सा

खून से लथपथ समय सिंह ने अपने भाई को मौके पर बुलाया। इसके बाद इसरा के बेटे ने समय के भाई पर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे वह भी बुरी तरह घायल हो गया। इससे हालात संभलने के बजाय और बिगड़ गए। इसके बाद समय ने और परिजन बुला लिए। घटना की खबर फैलते ही दोनों तरफ के लोग इकट्ठा होने लगे, और भीड़ में गुस्सा तेजी से बढ़ने लगा। दोनों पक्ष वहां आपस में भिड़ गए।

### झगड़े ने लिया सांप्रदायिक मोड़

गांव के सरपंच राम सिंह ने बताया है कि दोनों पक्षों के दो-दो लोग घायल पड़े थे और देखते ही देखते विवाद को हिंदू-मुस्लिम रंग देने की कोशिशें शुरू हो गईं। गांव के दोनों ओर के लोग घरों की छतों पर चढ़ गए और एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। कांच की बोतलें भी फेंकीं जाने लगीं।

सड़क पर हर तरफ टूटे कांच और पत्थरों का ढेर लग गया, जबकि गांव में दहशत का माहौल बन गया। इस दौरान करीब 10 लोग इस हिंसा में घायल हो गए।

# संपादकीय

## जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का सफाया : सरकार का सबसे बड़ा झूठ



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

जम्मू-कश्मीर — धरती का वह टुकड़ा जिसे लोग 'स्वर्ग' कहते हैं, लेकिन जहाँ दशकों से बंदूक, बारूद और सियासी झूठ का पहरा है। हर सरकार एक ही वादा दोहराती रही — 'आतंकवाद को जड़ से खत्म करेंगे।' 2019 में अनुच्छेद 370 हटाते समय भी यही दावा हुआ कि अब घाटी में अमन-चैन लौट आएगा और आतंकवाद अतीत बन जाएगा। लेकिन क्या यह सच हुआ? आंकड़े और ज़मीनी हकीकत बताते हैं कि यह दावा आधा-सच है और आधा झूठ।

### 2018 से अब तक का सच

गृह मंत्रालय और राज्यसभा में दिए गए आधिकारिक आँकड़े बताते हैं कि 2018 में जम्मू-कश्मीर में 228 आतंकी घटनाएँ हुईं, जिनमें 91 सुरक्षाकर्मी और 40 नागरिक मारे गए। 2019 में यह संख्या 153 घटनाओं तक घटी, लेकिन 80 जवान और 39 नागरिक अपनी जान गंवा बैठे। 2020 में 126 घटनाएँ, 2021 में 129 और 2022 में 125 आतंकी घटनाएँ दर्ज हुईं। 2023 में, 15 नवंबर तक, 41 घटनाएँ हुईं — यानी ग्राफ नीचे आया है, लेकिन आतंकवाद का ग्राफ़ शून्य पर नहीं पहुँचा।

इस दौरान 2018 में 257, 2019 में 157, 2020 में 221, 2021 में 180 और 2022 में 187 आतंकियों को मार गिराया गया। 2023 में यह संख्या आधिकारिक रूप से घोषित नहीं हुई, लेकिन मुठभेड़ों और घुसपैठ रोधी अभियानों के चलते दर्जनों आतंकी मारे गए।

### तो क्या आतंकवाद खत्म हो गया?

सरकार इसे 'सफलता' कहती है कि घटनाएँ घटी हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि खतरा अब भी कायम है।

- लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठन अब भी सक्रिय हैं।
- सीमा पार से घुसपैठ पूरी तरह नहीं रुकी।
- स्थानीय युवाओं का कट्टरपंथीकरण जारी है।
- सोशल मीडिया के जरिए भर्ती और प्रचार का नया मोर्चा खुल चुका है।

### समस्या सिर्फ सुरक्षा की नहीं, विश्वास की भी है

कश्मीर में असली चुनौती यह है कि स्थानीय जनता का एक बड़ा हिस्सा सरकार पर भरोसा नहीं करता। सैन्य कार्रवाई से अस्थायी नियंत्रण तो मिलता है, लेकिन दीर्घकालिक शांति के लिए जरूरी है —

1. स्थानीय लोगों के साथ ईमानदार संवाद।
2. रोजगार और शिक्षा में ठोस निवेश।
3. बुनियादी सुविधाओं का विस्तार।
4. कट्टरपंथी विचारधारा के खिलाफ सामाजिक मोर्चा।

### विकास का दावा और जमीनी सच्चाई

स्मार्ट सिटी, रेलवे विस्तार और पर्यटन प्रोजेक्ट — कागजों में शानदार, लेकिन बेरोजगारी 2024 में 17 प्रतिशत तक है, जो राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुनी है। शिक्षा और स्वास्थ्य ढांचा अब भी कमजोर है। जिन विकास योजनाओं को 'आतंकवाद की दवा' बताया गया था, वे अब तक आम कश्मीरी की जिंदगी में बड़ा बदलाव नहीं ला पाई हैं।

### निष्कर्ष

अगर आंकड़ों को देखें, तो यह मानना पड़ेगा कि 2018 से 2023 के बीच आतंकवादी घटनाओं में गिरावट आई है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि आतंकवाद का सफाया नहीं हुआ। यह बीमारी सिर्फ सैन्य ऑपरेशन से नहीं जाएगी। इसके लिए विकास, न्याय और विश्वास तीनों का एक साथ बहना जरूरी है।

जब तक सरकार यह नहीं समझेगी कि कश्मीर की समस्या सिर्फ बंदूक की नहीं, बल्कि रोज़गार, सम्मान और भरोसे की भी है — तब तक आतंकवाद खत्म का दावा देश की राजनीति का सबसे बड़ा झूठ बना रहेगा।

## अस्पतालों का मोहभंग

यह सरकार द्वारा वित्त पोषित, दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम के लिये एक बड़ा झटका है कि हरियाणा के छह सौ से अधिक निजी अस्पतालों के मालिकों ने इस योजना से किनारा करने का मन बनाया है। निश्चित रूप से इतनी बड़ी संख्या में निजी अस्पतालों का मोहभंग होना सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिये चिंता की बात ही कही जा सकती है। अस्पतालों की दलील है कि उन्हें पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है। निश्चय ही राजग सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में प्रशासनिक खामियां ही उजागर हुई हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना में गंभीर रोगों का उपचार कराने वाले लोगों के प्रत्येक परिवार के लिये पांच लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार का वायदा किया गया था। लेकिन अकसर निजी अस्पतालों की ओर से आरोप लगाया जाता रहा है कि इस योजना के तहत उपचार कराने वाले मरीजों के बिल का भुगतान कभी समय पर नहीं किया जाता है। निश्चय ही कोई योजना तब तक प्रभावी नहीं कही जा सकती, जब तक वह केवल कागजों तक ही सीमित रहती है। निस्संदेह, ऐसी स्थिति में आयुष्मान कार्डधारकों को दी जाने वाली चिकित्सा सेवाएं बंद हो जाएंगी। इस स्थिति में उन मरीजों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी, जो गरीबी के चलते महंगे इलाज करने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में उन्हें अपना या अपने परिजनों का कारगर इलाज करने में लंबे विलंब का सामना करना पड़ेगा।

जाहिर बात है कि आयुष्मान योजना का लाभ न मिलने से मरीजों को मजबूरी में संसाधन विहीन सरकारी अस्पतालों की शरण में जाना पड़ सकता है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि सरकारी अस्पताल पहले ही मरीजों के भारी दबाव को झेल रहे हैं और कई अस्पतालों में पर्याप्त व विशेषज्ञ चिकित्सकों का नितांत अभाव है।

वहीं तमाम सरकारी अस्पतालों में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाओं की कमी अकसर बनी रहती है। वैसे सरकार की कल्याणकारी मंशा पर संदेह नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन समय पर योजना के लिये धन उपलब्ध न करा पाने की स्थिति निराशाजनक और नुकसान पहुंचाने वाली साबित हो सकती है। निस्संदेह, जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे मरीज नौकरशाही की अड़चनों के कम होने का इंतजार नहीं कर सकते। साथ ही गरीबी से जूझ रहे रोगी निजी अस्पतालों में उपचार नहीं करा सकते क्योंकि अधिक परिचालन लागत वाले अस्पताल बिना भुगतान के सेवाएं देने में असमर्थ हैं।

निस्संदेह, यह संकट एक व्यापक मुद्दे की ओर इशारा करता है कि जन कल्याणकारी योजनाओं को बनाते वक्त सावधानी, व्यावहारिक बजट और उसका कुशलतापूर्वक क्रियान्वयन करना जरूरी है। ऐसे में समय पर धन आवंटन, नियमित ऑडिट और अस्पतालों व मरीजों के लिये एक शिकायत निवारण प्रणाली सुनिश्चित करने के लिये मजबूत तंत्र बनाया जाना चाहिए। इसके लिये सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं के लिये अपने बजट में वृद्धि करनी चाहिए। यदि जीडीपी का सिर्फ दो फीसदी स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च किया जाता रहा तो महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजनाएं हकीकत में लड़खड़ाती रहेंगी।

# आखिरकार ईरान की तरह पाकिस्तानी परमाणु ठिकानों को भी नेस्तनाबूद करने में आगे क्यों नहीं बढ़ पा रहा है भारत?

कमलेश पांडे

पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जिस तरह से खुलेआम परमाणु युद्ध की धमकी दी है, उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इससे भारत की यह चिंता पुष्ट होती है कि पाकिस्तान के पास एटॉमिक पावर होना पूरी दुनिया के लिए खतरा है।

अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित टाम्पा में पाकिस्तानी आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने फिर एक धमकी भरा बयान दिया है। हालांकि उस पर भारत ने पलटवार करते हुए दो टूक कह दिया है कि किसी भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल के प्रभाव में नहीं आएंगे। दरअसल, फ्लोरिडा में पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित करते हुए मुनीर ने कथित तौर पर परमाणु हमले की धमकी देते हुए कहा था कि भविष्य में भारत के साथ युद्ध में उनके देश के अस्तित्व को खतरा हो सकता है। हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र है। अगर हमें लगता है कि हम नीचे जा रहे है, तो हम अपने साथ आधी दुनिया को भी नीचे ले जाएंगे।

इससे स्पष्ट है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जिस तरह से खुलेआम परमाणु युद्ध की धमकी दी है, उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इससे भारत की यह चिंता पुष्ट होती है कि पाकिस्तान के पास एटॉमिक पावर होना पूरी दुनिया के लिए खतरा है। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि परमाणु हथियारों की धमकी देना पाकिस्तान की पुरानी रणनीति रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ऐसे बयानों के गैर जिम्मेदाराना रवैये को समझ सकता है। बयान में इस बात पर भी खेद जताया गया है कि ये टिप्पणी किसी तीसरे मित्र देश की धरती से की गई है। इसलिए मेरी स्पष्ट राय है कि पाकिस्तान के साथ भारत को भी वही सुलूक करना चाहिए, जैसा कि इजरायल ने पिछले महीनों में ईरान के परमाणु कार्यक्रम के साथ किया था।

चूंकि मुनीर इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। इसलिए उनकी इस क्षुद्र बयानबाजी के पीछे अमेरिकी हाथ से इंकार नहीं किया जा सकता है। रही बात इस्लामिक देशों के शह की तो उन्हें भी उसी परमाणु बम से मिट्टी में मिलाया जा सकता है, जिसकी धमकी बार-बार इंग्लैंड-अमेरिका का नाजायज औलाद पाकिस्तान अक्सर देता आया है, यह बात उन्हें भी याद रखनी चाहिए। ऐसा करके भारत उनका सारा सांप्रदायिक भूत उतार सकता है। दरअसल मरता क्या नहीं करता वाली बात समान रूप से भारत पर भी लागू होती है।




Layout, Configuration, Type of construction of each structure and terrain around studied in detail.

काबिलेगौर है कि रूस-भारत की पारस्परिक समझदारी से परेशान अमेरिका की धरती से पहली बार किसी ने किसी तीसरे देश के लिए इस तरह धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया है। ऐसा इसलिए कि अंतरराष्ट्रीय जगत को युद्धोन्माद की आड़ में हथियार व गोला-बारूद का निर्यात करने वाले अमेरिका को इसमें मजा आता है। हालांकि, अब जो भारत से उसे कड़ी टक्कर मिल रही है, उससे उसके हरामखोर मंसूबे पर पानी फिरता नजर आ रहा है। चूंकि पाकिस्तान के जन्म से 9/11 तक भारत विरोधी तमाम पाकिस्तानी कार्रवाइयों का प्रोत्साहक अमेरिका ही रहा है। लिहाजा मुनीर के बयान को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए।

मसलन, पहले लक्षित पहलगाम साम्प्रदायिक आतंकी हमला, फिर ऑपरेशन सिंदूर से अमेरिकी तिलमिलाहट और अब नई धमकी का लब्बोलुआब यह है कि वियतनाम से लेकर लीबिया तक पिट चुके अमेरिका ने विगत 4 वर्षों से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध की तरह ही भारत-पाकिस्तान युद्ध और चीन-ताइवान युद्ध जैसा नया मोर्चा खोलने के सपने देख रहा है, ताकि रूस, भारत, चीन (आरआईसी) की अंतरराष्ट्रीय बर्बादी सुनिश्चित हो और अमेरिका-यूरोप की एशियाई बादशाहत बरकरार रहे।

तभी तो यह पहली बार है कि जब किसी सेना प्रमुख ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह परमाणु हथियार भी इस्तेमाल कर सकता है। कहना न होगा कि मुनीर की बातें जितनी गैरजिम्मेदार हैं, उतनी ही चिंता बढ़ाने वाली भी। इसलिए पाकिस्तानी फन को समय रहते ही कुचल देना चाहिए और रूस-चीन का सहयोग लेकर उन तमाम अमेरिकी एशियाई अड्डों को भारत के कब्जे में कर लेना चाहिए, जिससे पाकिस्तान-बंगलादेश को अमेरिकी खाद-पानी मिलती आई है।

मेरे विचार से यही दूरदर्शी रणनीति होगी। चूंकि ऑपरेशन सिंदूर जारी है, पीओके वापस नहीं मिला है, पाकिस्तानी परमाणु बमों पर अमेरिकी पहरा है, इसलिए आसेतु हिमालय में एक निर्णायक युद्ध के आगाज से नहीं हिचकना चाहिए। बल्कि इसी की आड़ में सारे छोटे छोटे पड़ोसी देशों का अस्तित्व मिटा देना चाहिए, ताकि भारत विरोधी ताकतें हमेशा अपनी औकात में रहें।

यह बात मैं इसलिए कह रहा हूँ कि पाकिस्तान के सिस्टम में सेना क्या भूमिका रखती है, यह सभी को मालूम है। भले ही वहां चुनी हुई सरकार हो, लेकिन फैसले सेना प्रमुख के ही होते हैं। यह कौन नहीं जानता कि नवोदित पाकिस्तान ने 1947 में ही कबाइलियों को आगे करके भारत के मस्तक जम्मू-कश्मीर को वापस लेना चाहा, लेकिन मात खाई। फिर 1965 और 1971 में भारत के हाथों करारी चोट मिली।चाहे 1999 का पाकिस्तानी कारगिल क्षद्म युद्ध हो या फिर 2025 का भारत द्वारा शुरू किया गया आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन सिंदूर, भारत ने पाकिस्तान को जो रणनीतिक मात दी, उससे उसकी अंतरराष्ट्रीय बेइज्जती भी हुई।

इस प्रकार स्पष्ट है कि भारत विरोधी कुचक्र चलाये रखना और आतंकवादियों को सहयोग देते रहना पाकिस्तान की पॉलिसी की तरह है। इसलिए हमें उसकी परमाणु युद्ध की धमकी से डरना नहीं चाहिए, बल्कि इजरायल की तरह ही ऐसा निर्णायक सैन्य ऑपरेशन चलाना चाहिए कि भारत अपना पुराना पाकिस्तानी भूभाग भी वापस ले ले और उसे उनकी नियति के अनुरूप भारतीय सैन्य शासन के तहत ही हमेशा रखे। ग्रेटर इंडिया के हित में ऐसा किया जाता बहुत जरूरी है। बदलते वक्त की मांग है।

यह ठीक है कि भारत ने परमाणु बम मामले में %नो फर्स्ट यूज% की नीति अपना रखी है यानी वह परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। वहीं, किसी गैर परमाणु शक्ति देश के खिलाफ भी एटमी पावर नहीं दिखाई जाएगी। लेकिन, पाकिस्तान ऐसी किसी नीति से नहीं बंधा हुआ नहीं है जो हम सबके लिए फिक्र की बात है। जबकि मुनीर का मूर्खतापूर्ण अंदाज है कि हम अपने साथ आधी दुनिया को भी ले डूबेंगे। स्पष्ट है कि यह सबकुछ पाकिस्तान के असुरक्षित एटॉमिक डॉक्ट्रिन का नमूना है। इसलिए एहतियाती सावधानी बरतने में कोई कोर-कसर भी नहीं छोड़ना चाहिए।

सच कहूं तो पाक सेनाध्यक्ष मुनीर का बयान उकसाने वाला और शांति की जारी कोशिशों के खिलाफ है। क्योंकि उनके कथित बाप अमेरिका को यही पसंद है। यह घोर अंतरराष्ट्रीय विडंबना है कि उन्होंने इन बातों के लिए उस जगह को चुना, जिसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आधा दर्जन युद्ध रुकवाने का फर्जी दावा कर रहे हैं और जिनके लिए शांति का नोबेल मांगने वालों में पाकिस्तान भी है। दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति बनते ही उन्होंने नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली जैसा किसी भी युद्ध में अमेरिका के शामिल नहीं होने का जो दावा किया था, उसकी अब पोल खुल रही है। मेरा मानना है कि उनका मकसद है अब अमेरिका सीधे युद्ध नहीं करेगा, बल्कि करवाने में हरसंभव सहयोग करेगा, जैसा कि यूक्रेनी खनिज संपदा हथियाने के लिए वह वहां कर रहा है। ऐसा ही अन्य देशों में भी वह करेगा।


चूंकि अब उनकी नजर पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित बेशकीमती खनिज संपदा पर है, इसलिए अब उसे भारत के खिलाफ उकसा रहे हैं। उन्हें यह भी पता है कि पाकिस्तान अब चीन के शरणागत है। इसलिए उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान से रिश्ते सुधरते ही चीन के साथ उनके पुराने रिश्ते सुधर जाएंगे। इससे उन्हें भारत-रूस की कूटनीतिक लगाम कसने में सुविधा होगी। इसलिए अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि यह आम बात नहीं हो सकती कि मुनीर दो महीने के भीतर दूसरी बार अमेरिका की यात्रा पर हैं। इन दो महीनों के दौरान दोनों देशों के रिश्तों में काफी बदलाव आया है, क्योंकि ट्रंप को अब इस्लामाबाद के रूप में एक प्रमुख क्षेत्रीय सहयोगी दिख रहा है।

यह कड़वा सच है कि पाकिस्तान को पुन: मजबूत करके भारत पर पुन: हमला करवाने के लिए ही तो ट्रंप ने सीज फायर करवाया था, जैसा कि वो दावे पर दावे करते आये हैं। इसलिए अब पाकिस्तान के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय खलनायक अमेरिका का भी माकूल इलाज सुनिश्चित करवाने का समय आ गया है। इसके लिए भारत को भी कूटनीतिक प्रयास तेज करने होंगे और अमेरिकी दुश्मनों को दिल्ली बुलाकर अमेरिका को सख्त संदेश देना होगा।

यही वजह है कि मुनीर के बयान का भारतीय विदेश मंत्रालय ने सही जवाब दिया है। वह यह कि जिस देश में सेना आतंकवादी समूहों के साथ मिली हो, वहां परमाणु कमांड और कंट्रोल की विश्वसनीयता पर संदेह होना स्वाभाविक है। हालांकि, भारतीय विदेश मंत्रालय ने यह भी साफ साफ कहा है कि भारत किसी न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी सरकार का यही रुख था। वहीं, अब वक्त आ चुका है कि मुनीर के बयान का इस्तेमाल भारत को पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाने और उसके परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए करना चाहिए।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3619



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3618 का हल



## हंसी के फूव्वारें

जज (चोर से) - तुम्हारी जेब में जो कुछ है, उसे निकालकर मेज पर रख दो.

चोर (जज से) - यह तो सरासर नाइंसाफी है हुजूर. माल का आधा-आधा होना चाहिए.

□ □ □

बबलू (मम्मी से) - मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो.

मम्मी (बबलू से) - बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?

बबलू (मम्मी से) - क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैंची की तरह चलती है.

□ □ □

युवा फिल्म अभिनेता (प्रेमिका से) - आज तक मुझसे शादी के सैकड़ों निवेदन किए जा चुके हैं.

प्रेमिका (अभिनेता से) - अच्छा, किस-किस ने निवेदन किया?

अभिनेता (प्रेमिका से) - 'मेरे मम्मी और डैडी ने.' अभिनेता मुस्कराते हुए बोला.

□ □ □

एक छाताधारी सैनिक से उनके अफसर ने पूछा, 'तुमने कितनी बार हवाई जहाज से छलांग लगाई है.'

'केवल एक बार.' सैनिक ने कहा.

'लेकिन तुम्हारे सर्विस रिकार्ड मे तो पन्द्रह बार लिखा हुआ है.'

'शेष चौदह बार तो मुझे धकेला गया था.' सैनिक ने कहा.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3619



### बायें से दायें:-

१. 'किसी नजर को तेरा' गीत वाली राज बब्बर, सुरेश, डिम्पल की फिल्म-४
३. बॉबी, लारा, गुल पनाग की 'मैं यहां तू कहां' गीत वाली फिल्म-२
५. जैकी श्राफ, अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'ना जइयो परदेस' गीत वाली फिल्म-२
६. सनी, मीनाक्षी, ममता की फिल्म-३
८. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'छेड़ ना मुझ को' गीत वाली फिल्म-३
९. फिल्म 'आखिरी डाकू' में नायिका-२,२
११. 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
१२. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
१३. शशिकपूर, शबाना आजमी की 'तोता मैना की कहानी तो' गीतवाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'बारिश' में नायिका कौन थी-२
१५. सलमान, नगमा की 'कैसा लगता है अच्छा लगता है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तू कितने बरस की' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१७. फिल्म 'निगाहें' में नायक कौन था-२
१९. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२१. धारावाहिक 'एहसास' में 'तराना' द्वारा निभाया गया बड़ी बहू का पात्र-३
२२. 'पुलिस केस ना' गीत वाली जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की फिल्म-३
२४. अमिताभ, वहीदा, जीनत, की 'हर गोरी रानी यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'पराई हूँ पराई' गीत वाली शशिकपूर, आशा की फिल्म-४
२८. संजयदत्त, पूनम की 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'बाबूल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी की फिल्म-२
३०. राजबब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो जमुना' गीत वाली फिल्म-३
३१. सलमान, स्नेहा की एक फिल्म-२
३२. फारूख शेख, पूनम की 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फिल्म-२

### ऊपर से नीचे:-

१. अक्षयकुमार, करीना, प्रियंका की 'नजर आ रहा है' गीत वाली फिल्म-४
२. 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३
४. 'दुल्हन बनती हैं नसीबों वालियां' गीत वाली रणधीर कपूर, बबीता की फिल्म-२
५. अनिलकपूर, अक्षयकुमार वाली फिल्म 'बेवफा' की नायिका कौन है-३
६. 'डोन्ट से नो' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
७. 'जैसी करनी वैसी भरनी' गीत वाली राजकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की फिल्म-४
१०. गोविंदा, करिश्मा की 'अआ ई उ ऊ ओ मेरा दिल ना तोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
११. 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली मिथुन, शत्रुघ्न, अनिता राज, हेमा की फिल्म-४
१३. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तिनका तिनका जरा जरा' गीत वाली जॉन अब्राहम, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-३
१८. राजकुमार, मनोजकुमार, वहीदा की 'खाली डब्बा खाली बोतल' गीत वाली फिल्म-५
२०. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
२३. 'ये लड़की जरा सी दीवानी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२५. नसीरूद्दीनशाह, रंजीता, स्मिता पाटिल की 'तू क्या जाने तुझमें' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल के टुकड़े टुकड़े कर के' गीत वाली अमजद खान, बिंदियागोस्वामी की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3620



## सूडोकु -3619

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3618 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

## शब्द पहेली - 3619



### बाएँ से दाएँ

1. मरघट,कब्रिस्तान-4
3. पागल,बुद्धिहीन-4
8. भगवान,ईश्वर,खुदा-7
10. डांटना,दुत्कार-3
11. तरुण,किशोर-3
13. ओट,घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया,अजनबी-2
18. आनंद,मौज-2
19. सूर्य,भास्कर-2
21. चिंतन,सोच विचार-3
25. वेणी,फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष,आक्रमण, हमला-4

### ऊपर से नीचे

2. कवि,गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर,भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज,पापी,भूत-3
8. शरण,आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट,प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना,अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी,दूसरी पत्नी-3

### शब्द पहेली -3618 का हल



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 13 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

# 'आजादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम'

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में 'तिरंगा महोत्सव' का हुआ भव्य आयोजन

**गौतम बुद्ध नगर।** आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 02 से 15 अगस्त 2025 तक आयोजित हो रहे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में तिरंगा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर अभिषेक शर्मा, जिलाधिकारी मेधा रूपम एवं अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रेरणा सिंह तथा सुमित यादव द्वारा दीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से किया गया।





माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक यह ध्वज देश के हर नागरिक के हृदय में देशभक्ति और त्याग की भावना का संचार करता आया है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम न केवल राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों में देश के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना जागृत करने का भी माध्यम है। हमारे देश की आने वाली युवा पीढ़ी का यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अहम भूमिका है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि 13 से 15 अगस्त के बीच अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों और संस्थानों पर तिरंगा अवश्य फहराएं और इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाएं।

भाजपा जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर अभिषेक शर्मा ने अपने संबोधन में कार्यक्रम में उपस्थित सभी से आग्रह किया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अपने-अपने घरों में तिरंगे का मान-सम्मान रखते हुए अवश्य तिरंगा फहराएं। उन्होंने विशेष रूप से सभी से अपील की कि इस अभियान में बच्चों को भी शामिल करें और अपने-अपने बच्चों से तिरंगा लगवाएं, ताकि बचपन से ही उनमें देशभक्ति, सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार हो सके।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, संघर्ष और संकल्प को स्मरण करने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अपने-अपने घरों में तिरंगे का मान सम्मान रखते हुए तिरंगा अवश्य लगाये।

उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का तिरंगा महोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग करने हेतु आभार प्रकट किया। उन्होंने यह भी बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जिले के सभी कार्यालयों, विद्यालयों, पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थलों, औद्योगिक संस्थानों, व्यापारिक संस्थानों पर तिरंगा फहराया जाएगा।

# नोएडा स्पोर्ट्स सिटी मामले में ईडी की एंट्री

## आवंटन से जुड़े दस्तावेज मांगे गए, सुपरवीजन अधिकारी की जानकारी जुटाई

**नोएडा।** स्पोर्ट्स सिटी मामले में सीबीआई के बाद अब ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने भी प्राधिकरण से दस्तावेज मांगे है। दस्तावेज एक स्टेटस रिपोर्ट है। जिसमें स्पोर्टस सिटी से जुड़े मुख्य बिल्डर और सब डिवीजन बिल्डर की ओर से किए गए निर्माण, आवंटन की पूरी जानकारी दी जा रही है। जानकारी मिलने के साथ ही ईडी की टीम स्थलीय निरीक्षण कर सकती है। वहीं सीबीआई स्पोर्टस सिटी से जुड़े बिल्डरों से जल्द पूछताछ शुरू करेगा। ईडी ने जो जानकारी प्राधिकरण से मांगी उसमे पूछा गया कि निर्माण के दौरान निगरानी की जिम्मेदारी किसकी थी। किस तरह से ब्रोशर प्राधिकरण के नियमों की अनदेखी की गई। उस समय प्राधिकरण के किस अधिकारी और कर्मी के अंडर में इस योजना का सुपरवीजन किया गया। इसके अलावा कई अन्य जानकारी भी ली गई। इन साक्ष्यों को केस डायरी में शामिल किया जाएगा। इससे पहले सीबीआई भी स्पोर्ट्स सिटी के लिए आवंटित भूखंडों, वर्तमान समय तक निर्माण और बकाया की स्थिति से जुड़े दस्तावेज ले चुकी है।




### तीनों बिल्डरों पर दर्ज है एफआईआर

इलाहाबाद हाइकोर्ट ने नोएडा स्पोर्ट्स सिटी घोटाले में सीबीआई और ईडी जांच का आदेश दिया है। इस मामले में सीबीआई ने तीन एफआईआर दर्ज की है। पहली एफआईआर लॉजिक्स इंफ्रा डेवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और दूसरी लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड और तीसरी एफआईआर जनायडु स्टेट पर की गई है । तीनों पर 2011 से 2017 तक बिल्डरों, कंसोर्टियम, और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मिलकर कथित तौर पर घर खरीदारों के पैसे हड़पने का आरोप है।

### सीएजी ने 9000 करोड़ का बताया घोटाला

बता दे सीएजी ऑडिट में स्पोर्ट्स सिटी आवंटन में बड़ी वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा किया था। जिससे नोएडा प्राधिकरण और राज्य सरकार को 9000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। ऑडिट में पाया गया कि डेवलपर्स को जमीन कम कीमत पर दी गई। डेवलपर्स द्वारा नोएडा प्राधिकरण को साइड लाइन करते हुए स्वामित्व का अनधिकृत हस्तांतरण किया गया। लीज प्रीमियम, जुर्माना और ट्रांसफर चार्ज तक नहीं दिए गए। साथ ही खेल के बुनियादी ढांचे के पूरा न होने के बावजूद अधिभोग प्रमाण पत्र जारी किए गए थे।

# नोएडा में फर्जी पुलिस स्टेशन

## टीएमसी का पूर्व नेता गैंग का मास्टरमाइंड, दो कॉलेज चला रहा; शिक्षा भर्ती घोटाले में हो चुकी जांच

**नोएडा।** नोएडा में पुलिस ने फर्जी पुलिस स्टेशन का भंडाफोड़ किया था। ये फर्जी पुलिस स्टेशन 'इंटरनेशनल पुलिस एंड क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो' के नाम से सेक्टर 70 में चलाया जा रहा था। पुलिस ने इसका भंडाफोड़ करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया। इन गिरफ्तार किए गए लोगों में टीएमसी के पूर्व नेता बिभास अधिकारी भी शामिल है। उनके साथ-साथ उनके बेटे को भी गिरफ्तार किया गया है। बिभास अधिकारी ही इस गैंग के मास्टरमाइंड बताए जा रहे हैं। बिभास अधिकारी पश्चिम बंगाल में बीरभूम के नलहाटी से तृणमूल के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष थे। बाद में उसने इस्तीफा दिया था। शिक्षा भर्ती घोटाले में वह ईडी और सीबीआई जांच का सामना भी कर चुके हैं। आरोपी खुद को सरकारी अधिकारी बताते थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोलकाता पुलिस की जांच से पता चला कि अधिकारी ने कोलकाता के बेलेघाटा इलाके में सीआईटी रोड पर कथित तौर पर दो फ्लैट किराए पर ले रखे थे, जहां उसने सामाजिक न्याय की जांच, इंटरपोल और पुलिस लिखे बोर्ड लगा रखे थे। वह कथित तौर पर नीली बत्ती वाली कार में चार हथियारबंद सुरक्षाकर्मियों के साथ आता था।

### शिक्षक भर्ती घोटाले में बिचौलिया था बिभास

मुख्य आरोपी बिभाष चंद्र अधिकारी कोलकाता और बीरभूम में बीएड और डीएलएड कॉलेज का संचालन कर रहा है। ठाकुर अनुकूल चंद्र सत्संग मिशन साधनपीठ ट्रस्ट का अध्यक्ष भी है। साल 2016 में पश्चिम बंगाल में हुए शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के दौरान 2023 में उस पर बिचौलिया होने का आरोप लगा था। सीबीआई और ईडी की जांच में उसका भी नाम सामने आने के बाद इसके ठिकानों पर छापेमारी भी हुई थी।

# नोएडा से दिल्ली में माल वाहक वाहनों की एंट्री बैन

- स्वतंत्रता दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल के चलते किया गया डायवर्जन, जारी किया हैल्पलाइन नंबर

**नोएडा।** स्वतंत्रता दिवस की फुल ड्रेस परेड रिहर्सल के चलते 12 अगस्त की रात 10 बजे से 13 अगस्त की दोपहर एक बजे तक दिल्ली में मालवाहक वाहन नहीं जा सकेंगे। ऐसे में नोएडा से दिल्ली होकर अलग-अलग स्थानों को जाने वाले वाहनों को ईस्टर्न पेरिफेरल के जरिए निकाला जाएगा। डीसीपी यातायात लखन यादव ने बताया कि सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वाहनों को बॉर्डर से पहले ही लौटाया जाएगा। अगर कोई वाहन बॉर्डर तक पहुंचता है तो उसे यू-टर्न कराकर वापस भेजा जाएगा। सड़क पर हल्के, मध्यम और भारी मालवाहक वाहन को खड़े नहीं होने दिया जाएगा। व्यवस्था बनाने के लिए चिल्ला, कालिंदी कुंज, डीएनडी, जीरो प्वाइंट आदि जगह पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। यही व्यवस्था 14 अगस्त की रात से 15 अगस्त की दोपहर तक लागू रहेगी। यातायात संबंधी दिक्कत होने पर लोग हेल्पलाइन नंबर-9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं।

# ग्रेटर नोएडा में ऑटो-कार भिड़ंत

**जेवर।** दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर सोमवार रात एक बड़ी दुर्घटना हुई। बिजली घर के पास ऑटो और कार की टक्कर में 4 लोग घायल हो गए। घायलों में से एक टेलर शाहरुख की स्थिति गंभीर है। वह दनकौर में टेलर का काम करते हैं। उनका इलाज ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में चल रहा है। बिलासपुर कस्बा निवासी आसिफ ने पुलिस को बताया कि उनके भाई शाहरुख दुकान बंद कर ऑटो से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद कार चालक अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। पीड़ित पक्ष ने कार चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है।

# ग्रेटर नोएडा में जलभराव से यातायात प्रभावित

## सड़कों पर तालाब जैसी स्थिति, दुकानें बंद; प्रशासन मौन

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में बारिश के बाद स्थिति चिंताजनक हो गई है। सूरजपुर-दादरी मुख्य मार्ग पर गड्ढों की भरमार है। जलभराव के कारण सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं।

रोजाना ऑटो और बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। वाहन खराब हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ग्रेटर नोएडा का मुख्य कस्बा होने के बावजूद यहां विकास कार्य नहीं हुआ है।



जिला अधिकारी कार्यालय, कोर्ट, विकास भवन और पुलिस कमिश्नर कार्यालय के नजदीक होने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। दादरी विधायक, सांसद और प्राधिकरण अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं है।

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से सड़क की यही स्थिति है। बारिश के बाद दुकानों तक पानी पहुंच जाता है। ग्राहकों की आवाजाही बंद हो जाती है। नालियां चोक होने से जल निकासी नहीं हो पाती है।

प्राधिकरण और प्रशासनिक अधिकारी इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं। सूरजपुर के निवासी और यहां से गुजरने वाले हजारों लोग रोजाना परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

# 100 करोड़ की जमीन पर अवैध कब्जा हटा

## तालड़ा गांव में प्राधिकरण ने 50 हजार वर्ग मीटर एरिया कराया खाली

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने मंगलवार को तालड़ा गांव में बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण ने अवैध कब्जों को हटाते हुए 50 हजार वर्ग मीटर एरिया खाली करा लिया। इस जमीन की कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये आंकी गई है।

प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। कुछ कालोनाइजर बाउंड्री बनाकर



यहां अवैध कॉलोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। एसीईओ सुमित यादव ने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति या नक्शा पास कराए निर्माण करने वालों पर कार्रवाई होगी।

महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि तालड़ा के खसरा संख्या 270, 286 व 292 की जमीन प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में है। प्राधिकरण ने पहले नोटिस जारी किया था। लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। कार्रवाई में 5 जेसीबी और 3 डंपर का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक एके सिंह, ओएसडी रामनयन सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। नोएडा पुलिस ने भी सहयोग किया। एसीईओ ने लोगों से अपील की है कि वे ग्रेटर नोएडा में जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

# मकान की प्लास्टरिंग को लेकर रिश्तेदारों में विवाद

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के उस्मानपुर गांव में सोमवार रात को एक मकान की प्लास्टरिंग को लेकर विवाद हो गया। भूरा परिवार अपने दो मंजिला मकान का निर्माण करा रहा था। मकान के पीछे अख्तर परिवार का घर है।

अख्तर पक्ष का कहना है कि प्लास्टरिंग के दौरान उनके घर में पानी घुस रहा था। दूसरी तरफ भूरा का आरोप है कि अख्तर पक्ष ने प्लास्टर की गुणवत्ता का विरोध किया और गाली-गलौज की। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में पहले बहस हुई और फिर लाठी-डंडे चल गए। झगड़े में दोनों पक्षों के 6 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

# नोएडा में पिता के डांटने पर बेटा घर से भागा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में एक छात्र पिता की डांट से नाराज होकर घर छोड़कर चला गया। गांव तीरथली निवासी जगदीश का 18 वर्षीय बेटा सचिन रबूपुरा के एक प्राइवेट स्कूल में 9वीं कक्षा का छात्र है।

सचिन पिछले कुछ दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था। इस बात की जानकारी मिलने पर पिता ने उसे डांटा और नियमित रूप से स्कूल जाने को कहा। शुक्रवार को सचिन स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकला और लौटकर नहीं आया।

दोपहर तक जब सचिन घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने उसे स्कूल और आसपास के इलाकों में खोजा। कहीं भी उसका पता नहीं चला। इसके बाद छात्र के पिता ने रबूपुरा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

# दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल पर पथराव

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के अच्छेजा बुजुर्ग गांव में दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल को ग्रामीणों ने चोर समझकर हमला कर दिया। घटना 1 अगस्त की रात की है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। रबूपुरा के मिर्जापुर गांव निवासी हेड कांस्टेबल अमित शर्मा अपने पड़ोस के एक सर्प दंश पीड़ित को जिम्स अस्पताल ले गए थे। देर रात वापसी के दौरान अच्छेजा बुजुर्ग गांव के पास कुछ ग्रामीणों ने उनकी कार पर पथराव कर दिया।

# जेवर तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा की जेवर तहसील में भ्रष्टाचार और कर्मचारियों की लापरवाही के खिलाफ करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रधान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम अभय सिंह को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा। करप्शन फ्री इंडिया के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय और दिनेश नागर ने अगस्त क्रांति के अवसर पर तहसील तक पैदल मार्च निकाला। उन्होंने बताया कि तहसील में किसानों को अपना काम कराने के लिए कई




दिन तक चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे परेशान होकर वे रिश्वत देने को मजबूर हो जाते हैं। तहसील में तैनात लेखपाल और अन्य कर्मचारी दाखिल खारिज, खसरा खतौनी, कूरेबंदी पैमाइश और प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रिश्वत मांगते हैं। चौधरी प्रवीण ने चेतावनी दी कि अगर भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन बड़ा आंदोलन करेगा। उन्होंने तहसील में प्रार्थना पत्र की रिसीविंग के लिए अलग खिड़की की मांग भी की।

# शार्ट न्यूज

## महिला की मौत के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में तीन महीने पुराने गैर इरादतन हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना गांव तिरथली में हुई थी। मृतक मोहम्मद हुसैन मुरादाबाद के रामनगर खगु का रहने वाला था। आरोपी मोहसिन बिजनौर के मोहम्मदपुर राजौरी का निवासी है। दोनों तिरथली गांव में किराए पर रहते थे। 19 मई की रात दोनों छत पर सो रहे थे। किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान मोहसिन ने हुसैन को धक्का दे दिया। हुसैन छत से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। मकान मालिक ने घायल हुसैन को अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने रबूपुरा कोतवाली में मोहसिन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कराया था। घटना के बाद से फरार चल रहे मोहसिन को पुलिस ने सोमवार को यमुना एक्सप्रेसवे के फलैदा कट से गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## बाइक को घसीटकर ले गई कार

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र में 130 मीटर रोड पर तेज रफ्तार कार ने दूधिया की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के दौरान बाइक कार के नीचे फंस गई। कार चालक बाइक को घसीटकर ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सैनी गांव के रहने वाले देवेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह रविवार की रात एक सोसाइटी में दूध सप्लाई कर घर लौट रहे थे। 130 मीटर रोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।हादसे के बाद देवेंद्र बाइक से अलग गिर गए, जबकि उनकी बाइक कार के नीचे फंस गई। इस बीच आरोपी चालक बाइक को घसीटते हुए ले गया। पीड़ित को हादसे में हल्की चोट आई। पीड़ित ने बताया कि उन्हें घटना के बाद से बाइक नहीं मिली। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। सेक्टर इकोटेक तीन कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी की फुटेज देख रही है। टक्कर मारने वाली कार और चालक का पता लगाया जा रहा है। आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सोसाइटी के ट्रांसफार्मर में आग लगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित निराला ग्रीन शायर सोसाइटी के ट्रांसफार्मर में मंगलवार सुबह आग लग गई। लोगों की सूचना पर दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस दौरान सोसाइटी में कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही। सोसाइटी निवासी कपिल ने बताया कि परिसर में ट्रांसफार्मर लगा है। बारिश के बीच सुबह करीब पांच बजे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। इससे सोसाइटी की बिजली गुल हो गई। इसके बाद तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया गया। दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर तुरंत आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर से कुछ ही दूरी पर ओपन एरिया में लोगों के वाहन खड़े थे, लेकिन किसी भी वाहन को कोई नुकसान नहीं हुआ।अगर आग वाहनों तक पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं, ट्रांसफार्मर में आग लगने के कारण सोसाइटी में कुछ देर के लिए बिजली की समस्या हुई। साथ ही, सोसाइटी में बार-बार लाइट के आने और जाने के दिक्कत बनी रही, जिसको दोपहर बाद बिल्डर प्रबंधन ने ठीक करा दिया।

## बिना अनुमति के लगे प्रचार बोर्ड को हटाया

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के आसपास एक कंपनी ने बिना अनुमति के बड़ी संख्या में प्रचार बोर्ड लगा दिए। उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने पर अवैध रूप से लगे बोर्ड हटा दिए गए। इंडिया एक्सपो मार्ट में 11 से 13 अगस्त तक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर रही एक कंपनी ने रातों- रात एक्सपो मार्ट गोलचक्कर, सेंट्रल वर्ज और हरित क्षेत्र में गेट नंबर-1 से 12 तक तेजू नाम की कंपनी के 200 से अधिक बोर्ड लगा दिए गए। बताया जा रहा है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से इसकी अनुमति नहीं ली गई थी।एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस के संज्ञान लेने पर प्राधिकरण के उद्यान विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से लगे बोर्ड आनन- फानन में हटवा दिए।

## महिला से चार लाख से अधिक ठगे

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने जेपी ग्रीन्स विशटाउन की सोसाइटी में रहने वाली महिला से नौकरी का झांसा देकर चार लाख से अधिक रुपये ठग लिए। आरोपियों ने रुपये वापस करने के नाम पर और अधिक रकम की मांग की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला तुहीद जहां खान ने पुलिस को बताया कि उनके व्हाट्सऐप पर 12 जून को एक लिंक आया। लिंक पर क्लिक करने पर नौकरी के संबंध में जानकारी मिली। बातचीत के दौरान जालसाजों ने उन्हें झांसे में ले लिया। पीड़िता के मुताबिक 12 जून से चार जुलाई के बीच जालसाजों ने उनसे कई बार में चार लाख 17 हजार 387 रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए।पीड़िता ने जब नौकरी नहीं लगने पर रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने और अधिक रुपये की मांग की। तब जाकर पीड़िता को आरोपियों के फर्जी होने की जानकारी हुई। आरोपियों के कथित नाम केके मेनन, अनुश्री और जाकिर अहमद हैं। इसके बाद पीड़िता ने साइबर क्राइम पोर्टल पर 18 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई।

## गाजियाबाद में हार्डवेयर कारोबारी की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के दिल्ली गेट में एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की पहचान राकेश (42) के रूप में हुई। वह मूल रूप से अमेठी जिले का रहने वाला था। राकेश हार्डवेयर का काम करता था और कुछ समय से इसी इलाके में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। घटना को लेकर स्थानीय लोग हैरान हैं, क्योंकि राकेश को इलाके में शांत स्वभाव के व्यक्ति के रूप में जाना जाता था। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और मृतक के परिवार से भी संपर्क किया गया है। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि घटना से पहले राकेश किन लोगों से मिला था। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## मोदीनगर में अस्पताल में प्रसूता की मौत

**मोदीनगर।** मोदीनगर के दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित दुबे अस्पताल में एक प्रसूता की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव सारा निवासी सावेज ने अपनी बहन विनीस को 10 जुलाई को अस्पताल में भर्ती कराया था। उसी दिन महिला ने ऑपरेशन से एक बच्ची को जन्म दिया। सोमवार रात को अचानक महिला की तबीयत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि जब उन्होंने महिला को आईसीयू में भर्ती करने के लिए कहा, तो अस्पताल कर्मी टालमटोल करने लगे। परिजनों को खुद अपना पंखा लाना पड़ा। इसी दौरान महिला की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। आरोप है कि इस दौरान अस्पताल संचालक ने परिजनों के साथ डंडे से मारपीट की। हंगामे की सूचना पर थाना प्रभारी नरेश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया। मृतका के भाई सावेज ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कहा है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं अस्पताल संचालक अनिल गर्ग ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि अस्पताल की तरफ से सही इलाज किया गया था।

# डीआईजी ने झांसी मंडल के तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध पर की समीक्षा गोष्ठी

## गंभीर अपराधों मे संलिप्त हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय अपराधियों पर करें प्रभावी कार्यवाही : डीआईजी




**ललितपुर।** झांसी पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी केशव कुमार चौधरी द्वारा रेंज के जनपद झांसी, जालौन व ललितपुर के जनपद प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिसमें जघन्य/महिलाओं/बच्चों से सम्बन्धित अपराधों, सम्पत्ति सम्बन्धी अपराधों आदि की समीक्षा कर अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा वर्तमान में राजस्व सम्बन्धी शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर समुचित कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गये। रेन्ज के सभी जनपद प्रभारी/अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी प्रात: 10.00 बजे से कार्यालय में बैठकर जन सुनवाई करना सुनिश्चित करें तथा थाने पर पहुंचने वाले प्रत्येक फरियादी से अच्छा व्यवहार करें तथा महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करना सुनिश्चित करें। वर्तमान में नदियों, तालाबों, बांधों आदि में डूब कर मृत्यु हो जाने के कतिपय प्रकरण सामने आये है। जिनके सम्बन्ध में जनपद प्रभारियों से विस्तृत चर्चा कर सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए सतर्क दृष्टि बनाये रखते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। आगामी राष्ट्रीय त्यौहार स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी व बारावफात समेत अन्य आयोजनों के दृष्टिगत रेंज के जनपदों में भीड़भाड़ वाले इलाके, होटल, ढ़ाबा, रेलवे स्टेशन, बसस्टैंड, नाका, बार्डर आदि स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस प्रबन्ध की समस्त तैयारियों को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गए साथ ही थाना स्तर पर पीस कमेटी की मीटिंग करते हुए त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर पहले से ही बातचीत कर समस्यओं का समाधान कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। गोवध/पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अन्तर्गत संलिप्त सभी अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही यथा एनएसए/गैंगस्टर किये जाने के कडे निर्देश दिये गये है। इसके अतिरिक्त गौ-वंश/मवेशियों के राजमार्गों पर आ जाने के कारण गंभीर दुर्घटनाएं प्रकाश में आयी है जिसके सम्बन्ध में गौवंशों को गौशालाओं में भेजने हेतु सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

## अल्ट्रासाउंड सेंटर पर एसडीएम की छापेमारी

### मानक के विपरीत मिलने पर लाइसेंस निरस्त

विशाल इंडिया पूनम तिवारी





**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अंबेडकर नगर अनुपम शुक्ला के दिशा निर्देशन तथा लगातार मिल रही शिकायतों के क्रम में उपजिला अधिकारी भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा भीटी तहसील क्षेत्र में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर्स पैथोलॉजी पर छापेमारी लगातार की जा रही है।उक्त क्रम में मंगलवार को भी औचक निरीक्षण किया गया।एसडीएम भीटी के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी आर के यादव भी मौजूद रहे।एसडीएम भीटी के द्वारा महरुआ कस्बे में संचालित डॉ देवी सिंह डायग्नोस्टिक सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया जो मानक के अनुरूप नहीं पाया गया।।एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने इनका तत्काल प्रभाव से लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की है।वही छपरीमारी से पूरे भीटी तहसील क्षेत्र के अल्ट्रासाउंड पैथोलॉजी संचालकों में हड़कंप मचा है।

## बरखेड़ा में प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के गांव भोपतपुर में एक युवक ने कथित प्रताड़ना और धमकियों से तंग आकर फांसी के फंदे पर झूल कर जीवन समाप्त कर लिया। मृतक के पिता जमुना प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनका एक मकान कस्बा बरखेड़ा के वार्ड नंबर 8 में स्थित है, जिसे उन्होंने गुड्डू पुत्र कढ़े राम को किराए पर दिया था।किराएदार परिवार की मनमानी और झूठे आरोपों से परिवार में तनाव वादे के अनुसार गुड्डू और उसकी पत्नी राजकुमारी गुप्ता की नीयत सही नहीं थी। राजकुमारी का चरित्र भी संदेह के दायरे में था। वह प्रार्थी के पुत्र सर्वेश कुमार को फंसा कर अपनी मनमानी चलाती रही। मकान का करीब 31 हजार रुपये का किराया अब तक नहीं दिया गया था। किराया मांगने पर गुड्डू परिवार ने भुगतान करने से इंकार कर दिया।धमकियां और झूठे मुकदमे का डर, युवक हुआ परेशान जब मकान मालिक ने राजकुमारी के कृत्यों के बारे में जानकारी पाई, तो उसने मकान खाली करने को कहा। लेकिन गुड्डू परिवार ने मकान खाली नहीं किया और सर्वेश कुमार को झूठे बलात्कार के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर मानसिक रूप से परेशान किया। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया दिनांक 9 अगस्त को गुड्डू परिवार ने सर्वेश कुमार के साथ गाली गलौज करते हुए मकान न छोड़ने की धमकी दी। लगातार परेशान रहने के कारण सर्वेश कुमार ने रात लगभग 9: 30 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# तिरंगा यात्रा के दौरान बूढ़े, युवा, दिव्यांग सभी ने हाथों में थामा तिरंगा

## देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं भारत माता की जयकारों से गूंजी सड़कें व गलियां



**ललितपुर।** 79वे स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ''हर घर तिरंगा अभियान'' के जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्र की एकता, अखण्डता, पंथ निरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को सुदृढ़ करने तथा प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रप्रेम की भावना को पल्लवित करने हेतु मंगलवार को प्रात: 9 बजे से पुलिस लाइन प्रांगण में जनपद के अधिकारियों, नागरिकों व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडिट, स्काउट गाइड आदि को शामिल करते हुए एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन प्रांगण से प्रारंभ होकर कचहरी चौराहा, तुवन चौराहा, घण्टाघर होते हुए वापस पुलिस लाइन में समाप्त हुई। यात्रा का शुभारंभ तिरंगा ध्वज लहराकर किया गया। यात्रा में देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं भारत माता की जयकारों से सड़कें व गलियां गूंज रही थीं, जिससे तिरंगा यात्रा की भव्यता और अधिक निखकर आकर्षण का केन्द्र बन रही थी। तिरंगा यात्रा से उत्साहित होकर लोग जगह-जगह पुष्पवर्षा कर रहे थे। तिरंगा यात्रा में छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट ने तिरंगा लहरा कर और ढोल बजाते अन्य लोगों में देश प्रेम की भावना जागृत किया और लोगों ने भी तिरंगा रैली के साथ जोरशोर से ''भारत माता की जय'' के नारे लगाये। यात्रा के दौरान बूढ़े, युवा, दिव्यांग सभी ने अपने हाथों में तिरंगा थामा और शान से तिरंगा लहराते हुए हजारों की संख्या में यात्रा में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, अधिशासी अभियंता नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडिट, स्काउट गाइड एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने बीएलओ को दायित्वों का कराया बोध





विशाल इंडिया पूनम तिवारी

**अंबेडकर नगर।** उपजिला अधिकारी भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के क्रम में तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि 138 बीएलओ के सापेक्ष पहले बैच में 70 लोगों को बुलाया गया है। मंगलवार को उन्होंने तहसील सभागार में 70 बीएलओ को उनके दायित्व का बोध कराया।इस दौरान एसडीम भीटी ने बीएलओ द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया।

एसडीएम भीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उपस्थित बीएलओ को निर्वाचन नामावली में नाम जोड़ने के लिए मतदाताओं से किस प्रकार का व्यवहार होना चाहिए इस बात को विस्तार पूर्वक रेखांकित किया।इस दौरान नए नाम जोड़ने,मृतकों के नाम को काटने,प्रवासी भारतीयों के नाम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए फार्म 6फॉर्म 7 फॉर्म 8 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही जेंडर के बारे में उपस्थित बीएलओ को समझाते हुए निर्वाचन नामावली में प्रतिशत का ध्यान देने का निर्देश दिया।इस मौक पर निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएमभीटी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि उक्त कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## समितियों पर यूरिया खाद की उपलब्धता, किसान नेताओं की शिकायत पर डीएम ने की कार्रवाई

**पीलीभीत।** धान और गन्ने की फसल में उपयोग होने वाली यूरिया खाद की गंभीर किल्लत के कारण किसानों को पिछले लगभग 15 दिनों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खाद न मिलने के कारण किसान बार-बार सहकारी समितियों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। इस समस्या को लेकर किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने जिलाधिकारी से शिकायत की। उन्होंने किसानों के हित में सहकारी समितियों पर खाद की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। जिलाधिकारी ने किसान नेता की शिकायत को गंभीरता से लिया और तुरंत आवश्यक कदम उठाए। नवदिया रोहनिया साधन सहकारी समिति, बीसलपुर ग्यासपुर साधन सहकारी समिति, चुटकुना सहकारी समिति, रसयांखानपुर साधन सहकारी समिति समेत क्षेत्र की कई सहकारी समितियों पर यूरिया खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई।इसके अलावा खांडेपुर, अमृता, चुर्रासकतपुर, किशनी, परेवा, पकड़िया मंगली, क्रय विक्रय सहित एक दर्जन से अधिक सहकारी समितियों पर भी खाद की सप्लाई शुरू कर दी गई है। एसडीएम नागेंद्र पांडे ने बताया कि सहकारिता विभाग की समितियों पर किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध हो गई है और सोमवार से इसका वितरण भी शुरू कर दिया जाएगा। किसानों ने डीएम और संबंधित अधिकारियों की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

## गांव की समस्याओं का समाधान गांव में ही, बीसलपुर में हुआ सफल चौपाल कार्यक्रम

पीलीभीत। जनपद की तहसील क्षेत्र के यूपी 26 लॉन बीसलपुर में सामाजिक संगठन जन कल्याण सुरक्षा संघ के तत्वावधान में गांव की समस्या गांव में समाधान नामक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्रामीणों की चार प्रमुख समस्याएं लिखित रूप में प्राप्त हुईं, जिन्हें प्रशासन तक पहुंचाने के लिए चर्चा हुई।कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रहमपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जन कल्याण सुरक्षा संघ एक ऐसा सामाजिक संगठन है जो राजनीतिक दलदल से ऊपर उठकर समाज के दबे-कुचले, शोषित, वंचित और कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में अधिकारी जनता की समस्याओं के प्रति निष्क्रियता दिखा रहे हैं, जिससे आम लोगों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। इसलिए यह संगठन सीधे गरीब, कमजोर, किसान, मजदूर एवं समाज के अन्य वंचित वर्गों के साथ जुड़कर उनकी समस्याएं शासन-प्रशासन के सामने उठाने एवं न्याय दिलाने का प्रयास करता है।कार्यक्रम में चार मुख्य समस्याएं सामने आईं समाज कल्याण विभाग से जुड़ी समस्या, राशन कार्ड का नवीनीकरण, विधवा पेंशन संबंधी समस्या और आशा कार्यकर्ताओं के मासिक वेतन मानदेय का मुद्दा।

जन कल्याण सुरक्षा संघ के राष्ट्रीय महासचिव श्रीपाल सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान गांव में ही करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे सामाजिक शोषितों और वंचितों के प्रति सहानुभूति रखते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ उचित रूप से पहुंचाएं और राजनीतिक भेदभाव से ऊपर उठकर समस्या निवारण करें।कार्यक्रम में क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे, जिनमें हरीश कुमार मौर्य (जिला अध्यक्ष बरेली), पुष्पा वर्मा (जिला अध्यक्ष महिला बरेली), सपना (मंडल प्रभारी महिला), बृजेश सिंह (तहसील अध्यक्ष कलीनगर), अमरजीत सिंह (तहसील प्रभारी काली नगर), दलजीत सिंह (कार्यकर्ता), नंदराम वर्मा (ब्लॉक अध्यक्ष ललौरी खेड़ा), लुकमान (संगठन मंत्री पीलीभीत), पूनम देवी (ब्लॉक अध्यक्ष बरखेड़ा), आशुतोष शर्मा (तहसील अध्यक्ष), अनुपम सिंह (ग्राम प्रधान पत्र) सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्लॉक अध्यक्ष महिला बरखेड़ा पूनम देवी ने किया। इस चौपाल के माध्यम से जनता की समस्याओं का निवारण स्थानीय स्तर पर करने एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने की प्रक्रिया को और मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि जनता को न्याय और सेवाएं शीघ्र उपलब्ध हो सकें।

# लिटिल एंजेल्स स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी




पीलीभीत। लिटिल एंजेल्स स्कूल में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन. सी. पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, उपप्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, कोऑर्डिनेटर नीना मेहरोत्रा, प्रिया जैन और अकाउंटेंट राजेश गंगवार द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। अविश अग्रवाल, समृद्धि गुप्ता, अवनी राजानी, विराज अग्रवाल, अदित्री, शौर्य गोयल, गौरिक बंसल, आर्या राठौर, समन्वय अग्रवाल, अद्वेता राय सहित कई बच्चों ने राधा-कृष्ण की सुंदर पोशाकें पहनकर मनमोहक नृत्य और अभिनय प्रस्तुत किया। कक्षा प्रथम से वेरोनिका, अतिक्ष, जानवी, अर्जन, प्रणय, सुयश, आन्या, अविचल, आरना, दविशा, मानुषी आदि बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरीं।अभिभावकों और शिक्षकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। प्रधानाचार्य एन. सी. पाठक ने अपने संबोधन में सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापक-अध्यापिकाओं और अभिभावकों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि हमें भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करना चाहिए।इसके पश्चात सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं ने सामूहिक रूप से श्रीकृष्ण आरती की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं, कार्यक्रम समापन की घोषणा की और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए।

कार्यक्रम में शिक्षिकाएं हनीशा गुप्ता, नीतू सक्सेना, सोनी जायसवाल, दामिनी जोहरी, आंचल सिंह, शिखा सक्सेना, शिप्रा गुप्ता और माहिरा खान उपस्थित रहीं।

मंच संचालन निष्ठा राठौर और अनुष्का शर्मा ने किया, जबकि संगीत संचालन सौम्या सक्सेना और कांड्रेड जूलियन ने संभाला।

## एस.एन. इंटर कॉलेज में देशभक्ति के रंग में रंगी विशाल तिरंगा रैली, गूंजे देशभक्ति के नारे



**पीलीभीत।** आज एस.एन. इंटर कॉलेज, पीलीभीत में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसने पूरे शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। प्रधानाचार्य डॉ. जावेद अहमद के निर्देशन और मार्गदर्शन में निकली इस रैली ने शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरते हुए लोगों को देशभक्ति और एकता का सशक्त संदेश दिया। रैली का शुभारंभ विद्यालय परिसर से हुआ, जहां से छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा थामे और चेहरों पर देशभक्ति का जोश लिए निकल पड़े। रैली गौरीशंकर मंदिर, आयुर्वेदिक कॉलेज, तहसील, खकरा पुलिस चौकी, हशमत मियां दरगाह, वाले मियां चौराहा, बेलों वाला चौराहा, कमले चौराहा, चौक होते हुए पुन: तहसील मार्ग से कॉलेज परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान पूरे मार्ग पर 'भारत माता की जय', 'हिन्दुस्तान जिंदाबाद', 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा', 'जय जवान जय किसान', 'वंदे मातरम' जैसे नारों की गूंज सुनाई देती रही, जिससे वातावरण पूर्णत: देशभक्ति में सराबोर हो गया। रैली का नेतृत्व शारीरिक शिक्षक यासीन अहमद खां ने किया। उनके साथ शिक्षक डॉ. तसलीम हसन खां, साजिद अली खां, असीमुद्दीन, इशरत यार खां, तारिक मकबूल, इंतजार खां, जावेद अहमद खां, हनीफ खां, इदरीस, रेहान अहमद असफी, नासिर हुसैन, आफताब अहमद खां, फहीम खां आदि शिक्षकों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। रैली के दौरान मार्ग में आने वाले लोग भी इस आयोजन से प्रभावित होकर बच्चों की हौसला-अफजाई करते रहे। जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया और देशभक्ति के नारों में अपनी आवाज मिलाई। प्रधानाचार्य डॉ. जावेद अहमद ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों में देशप्रेम, एकता और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना है।

# शार्ट न्यूज

## एसपी ने कोर्ट मोहर्रिर-पैरोकारों के साथ की बैठक



**ललितपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को कोर्ट मोहर्रिर-पैरोकारों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस लाइन स्थित सभागार में जिले के सभी कोर्ट मोहर्रिर और पैरोकारों के साथ आयोजित बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी कोर्ट मोहर्रिर एवं पैरोकार आपस में सामंजस्य स्थापित कर अपना-अपना कार्य सही प्रकार से करें, ताकि लोगों को समय से न्याय मिल सके। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन ललितपुर सभागार कक्ष में जनपद के जनपद के समस्त थानों के पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिर के कार्यों की समीक्षा की गयी तथा मा0 न्यायालय में चल रहे मुकदमों की प्रभावी पैरवी करने तथा वारंट, सम्मन, नोटिस आदि के निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

## पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा रैली



**ललितपुर।** एसपी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस लाइन में तिरंगा रैली निकालकर दिया देश-प्रेम का संदेश पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर से वर्णी चौराहा, तुवन मंदिर, सदर कांटा, कंपनी बाग, घण्टा घर, सावरकर चौक, कलेक्ट्रेट चौराहा आदि स्थानों से होते हुये वापस पुलिस लाइन में समापन कर देश प्रेम का संदेश दिया गया । यात्रा के दौरान समस्त राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी व अन्य पुलिस अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## साइबर अपराधों से निपटने के लिए पुलिस को मिला प्रशिक्षण



**ललितपुर।** पुलिस लाइन सभागार में साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ललितपुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन ललितपुर सभागार कक्ष में जनपद के अधिकारियों कर्मचारियों को साइबर अपराध के सम्बन्ध में साइट्रेन प्रशिक्षण कराकर, साइबर अपराध के संबंध में जानकारी दी गयी। साइबर अपराध पाठशाला के अंतर्गत अधि0/विवेचकगण व अन्य पुलिस कर्मियों को साइबर अपराध के सम्बन्ध में त्वरित इन्वेस्टीगेशन करने, हैकिंग, फिशिंग, साइबर स्टाकिंग, साइबर बुलिइंग, डॉक्सिंग, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर,मैलवेयर हमले आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक करने हेतु प्रशिक्षण कराया गया ।

## नाले में फंसी गाय को बचाकर कराया उपचार



**बीसलपुर।** नगर के एक नाले में कई घंटे फंसी हुई एक घायल गाय की हालत खराब होती जा रही थी, लेकिन बड़े नेता व संगठन इस मामले में मौन साधे रहे। इस बीच अखिल भारत हिन्दू महासभा ने तत्काल कदम उठाते हुए नगर की गौशाला से जेसीबी मंगाकर गाय को सुरक्षित बाहर निकाला।गाय के हल्के-फुल्के घावों का तुरंत पशु चिकित्सक से इलाज कराया गया और उसे सुरक्षित स्थान पर रखा गया। इस सेवा कार्य में नगर अध्यक्ष सुनील अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, नगर मंत्री शिवम गंगवार, युवा नगर अध्यक्ष दीपक मौर्य, और अन्य पदाधिकारी शामिल थे।स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जब बड़े नेता व संगठन चुप थे, तब हिन्दू महासभा ने सेवा का सच्चा मतलब समझा और कार्रवाई की। इस सेवा कार्य ने संगठन की असली सेवा भावना को प्रदर्शित किया।

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्कृत सप्ताह का भव्य समापन, छात्राओं ने लिखे प्रेरणादायक श्लोगन

बीसलपुर। जनपद के बीसलपुर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्कृत सप्ताह के समापन अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका मेहरा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से की।शोध छात्र विकास मंडल ने वैदिक मन्त्रोच्चारण प्रस्तुत किया, जबकि बीएससी की छात्रा नैन्सी पांडे ने सरस्वती वंदना का मनोहारी प्रदर्शन किया। संस्कृत विभाग प्रभारी डॉ. चंद्रप्रभा गंगवार ने संस्कृत भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संस्कृत भारतीय एवं वैदिक संस्कृति की संवाहिका है। उन्होंने कहा कि संस्कृत के संरक्षण के बिना भारतीय संस्कृति को भविष्य की पीढ़ी तक पहुंचाना संभव नहीं है। कार्यक्रम में संस्कृत गीत प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ, जिसमें प्रथम स्थान नैन्सी पांडे, द्वितीय स्थान मेहा पटेल तथा तृतीय स्थान साक्षी कश्यप और अंशिका प्रजापति को सांत्वना पुरस्कार मिला। साथ ही संस्कृत ग्रंथ प्रदर्शनी भी लगाई गई।


## गोरखपुर में मां ने बेटियों के सामने जान दी

**गोरखपुर।** गोरखपुर में बेटियों के सामने मां ने फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। मां को लटका देख दोनों मासूम बेटियां चिल्लाने लगीं। पहले खुद फंदे से उतारने की कोशिश कीं, जब नहीं उतार पाईं तो दौड़ते हुए मोहल्ले के लोगों से कहा – मेरी मां को बचा लो, नानी ने उन्हें डांटा है। वह नाराज होकर गले में फंदा लगा ली हैं। आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामला चिलुआताल थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि महिला ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी जांच की जा रही है। चिलुआताल थाना क्षेत्र के नौतन गांव में पूजा अपने दो बच्चियों के साथ रहती थी। वह पूजा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के घरों में सफाई का काम करती थी। सोमवार सुबह 8 बजे बड़ी बेटी अंजली ( 13 ) से खाना बनाने को लेकर उसकी बहस हुई।

## पूर्व राष्ट्रपतियों से भी खफा ट्रंप?

# वाइट हाउस के प्रवेश द्वार से हटवाए ओबामा और बुश के चित्र





**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों अजग-गजब फैसलों के लिए सुर्खियों में बने हुए हैं। दुनियाभर के कई देशों पर मनमाफिक टैरिफ लगाने के बाद उनके निशाने पर उनके ही देश के पूर्व राष्ट्रपति हैं। ट्रंप प्रशासन ने उनके आधिकारिक आवास वाइट हाउस के प्रवेश द्वार पर लगे पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और जॉर्ज डब्ल्यू. बुश के चित्र हटवा दिए हैं और उसे ऐसी जगह पर लगवा दिया है जो कम इस्तेमाल में आता है या जहां बहुत कम लोगों का आना-जाना होता है।

सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि वाइट हाउस के प्रवेश द्वार की एक प्रमुख विशेषता रहे पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के आधिकारिक चित्र को अब एक कम प्रमुख स्थान पर रखा गया है, जो 44वें और 47वें राष्ट्रपतियों के बीच वर्षों से चले आ रहे तनाव को दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ विवादास्पद संबंध रखने वाले अन्य हालिया पूर्ववर्तियों, पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश और उनके पिता जॉर्ज एच. डब्ल्यू. बुश के चित्रों को भी हटा दिया गया है।

**वाइट हाउस के रख रखाव में ट्रंप का सीधा दखल :** कई स्रोतों ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप वाइट हाउस के रख -रखाव और सौंदर्यीकरण से जुड़े लगभग हर काम में, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, सीधे तौर पर हस्तक्षेप कर रहे हैं। वाइट हाउस की परंपरा और प्रोटोकॉल के अनुसार, हाल के राष्ट्रपतियों के चित्रों को कार्यकारी भवन के प्रवेश द्वार पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाता रहा है, जहाँ से आधिकारिक अतिथि और सार्वजनिक पर्यटक आते-जाते हैं। ओबामा का चित्र अब निजी आवास के पास सीढ़ियों के ऊपर, लैंडिंग पर लगाया गया है, जो आम जनता की पहुँच से दूर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ओबामा की तस्वीर को पुनः स्थापित करने से पहले अप्रैल में एक और कदम उठाया गया था, जब इसे ग्रैंड फ़ोयर में स्थानांतरित कर दिया गया था और उसकी जगह एक पेंटिंग लगाई गई थी, जिसमें पेंसिलवेनिया के बटलर में ट्रंप पर हुए हमले में उनके जीवित बचे होने का चित्रण किया गया है।

### रोजाना आने-जाने वाले नहीं देख सकेंगे

रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने अपने कर्मचारियों को बराक ओबामा की तस्वीर को ग्रैंड स्टेयरकेस के सबसे ऊपर ले जाने का निर्देश दिया, जो ज़्यादातर उनके परिवार, चुनिंदा कर्मचारियों और सीक्रेट सर्विस एजेंटों के लिए ही सीमित था। एक सूत्र ने पुष्टि की कि बुश की तस्वीरें भी अब वहीं रख दी गई हैं। ट्रंप के इस कदम से अब रोजाना वहां आने-जाने वालों की नजरों से बराक ओबामा या बुश जैसे पूर्व राष्ट्रपतियों की तस्वीरें दूर हो गई हैं।

## रूस को चाहिए एक चौथाई यूक्रेन, ट्रंप-पुतिन की मीटिंग से पहले ही बखेड़ा, जेलेंस्की ने दी चेतावनी



**वाशिंगटन/कीव, एजेंसी।** अगले हफ्ते होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अहम बैठक से पहले, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वे रूस को युद्ध में कब्जा किए गए यूक्रेनी इलाके सौंपने को कतई मंजूर नहीं करेंगे। दरअसल, यूक्रेनी अधिकारियों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा विश्लेषकों के अनुसार, तीन साल से ज्यादा के इस महायुद्ध में रूसी सेना यूक्रेन के 20 प्रतिशत से ज्यादा हिस्से पर कब्जा कर चुकी है और ट्रंप ने भी संकेत दिया है कि कब्जा किए यूक्रेनी हिस्सों को रूस को देने में कोई आपत्ति नहीं। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों घोषणा की कि वे 15 अगस्त को अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलेंगे, जहां वे रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए वार्ता करेंगे। ट्रंप ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच एक युद्धविराम समझौता नजदीक है, जिसमें यूक्रेन को कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्र सौंपने पड़ सकते हैं।

**जेलेंस्की को यूरोपीय नेताओं का भी समर्थन :** यूरोप के कई नेता भी जेलेंस्की के समर्थन में खड़े हुए हैं और यूक्रेन के पक्ष में अपनी एकजुटता जताई है, खासकर ऐसे वक्त में जब अमेरिका और रूस के बीच शांति वार्ता की उम्मीदें जगी हैं। विश्लेषकों के मुताबिक, यह बैठक वैश्विक राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण है, लेकिन जेलेंस्की का यह कड़ा रुख संकेत देता है कि शांति वार्ता में जटिल चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। यूक्रेन की जमीन को लेकर कोई समझौता आसान नहीं होगा।

### हर किसी को खुश नहीं कर सकते- वेंस

इस बीच अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि रूस और यूक्रेन के बीच किसी भी समझौते से दोनों पक्षों को पूरी तरह खुश नहीं किया जा सकता है। उनका मानना है कि ऐसा कोई भी शांति समझौता जो दोनों देशों द्वारा स्वीकार किया जाए, दोनों के लिए असंतोषजनक होगा। फॉक्स न्यूज के साथ बातचीत में वेंस ने कहा, यह किसी को सुपर खुश नहीं करेगा। शायद अंत में रूस और यूक्रेन दोनों ही इससे खुश नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि अमेरिका ऐसी शांति की कोशिश कर रहा है जिसे दोनों देश स्वीकार कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत चमकती मर्सिडीज और हम लदा ट्रक, आसिम मुनीर ने खुद की पाकिस्तान की बेइज्जती



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत के खिलाफ अकसर जहर उगलने वाले पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर फिलहाल ट्रोल किए जा रहे हैं। उन्हें पाकिस्तान की जनता भारत के साथ अपने देश की तुलना करने और कमतर बताने पर ट्रोल कर रही है। आसिम मुनीर ने एक भाषण में कहा था कि भारत एक चमकती हुई मर्सिडीज की तरह तेजी से आगे बढ़ रहा है, जबकि पाकिस्तान बजरी से लदा ट्रक है। आसिम मुनीर ने अमेरिका के फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम में बोलते हुए यह बात कही। उनकी ओर से दोनों देशों की ऐसी तुलना करने पर पाकिस्तानी ही उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। कई लोगों ने लिखा है कि आसिम मुनीर तो अपने ही देश की बेइज्जती कर रहे हैं। आसिम मुनीर ने कहा, मैं साधारण शब्दों में स्थिति का वर्णन करने जा रहा हूं। भारत हाईवेज पर दौड़ती एक चमकती हुई मर्सिडीज या फरारी है। लेकिन हम एक ट्रक हैं, जो बजरी से लदा हुआ है। यदि ट्रक ने कार को टक्कर मारी तो फिर किसे ज्यादा नुकसान होगा? दरअसल वह पाकिस्तान को चमक से दूर लेकिन एक ताकतवर मुल्क बताने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन तुलना ऐसी कर दी कि ट्रोल होने लगे। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति, विकास, आबादी की शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मानकों पर स्थिति बेहद कमजोर है। ऐसे में पाकिस्तान अकसर हम तो डूबेंगे सनम, आपको भी ले डूबेंगे जैसी धमकी देता रहता है। भारत के अलावा पाकिस्तान के ही कई सोशल मीडिया यूजर्स ने उन पर यह कहते हुए निशाना साधा कि आसिम मुनीर ने खुद स्वीकार कर लिया है कि भारत बेहतर है। एक्स पर एक यूजर ने लिखा, आसिम मुनीर के बयान का यही सच है कि भारत एक मर्सिडीज है, जबकि उनका देश बजरी से लदे ट्रक जैसा है। इसके बाद की सारी बातें एक भ्रम हैं। बता दें कि आसिम मुनीर यह भी धमकी दे चुके हैं कि हम डूबे तो आधी दुनिया को ले जाएंगे। उनके इस बयान से साफ था कि भारत के मुकाबले पाकिस्तान के अस्तित्व के संकट वाले खौफ से भी गुजर रहा है। एक अन्य यूजर ने लिखा कि पाकिस्तान कम से कम अपनी सच्चाई तो जानता है।

**17 दिन में 4 देशों ने किया ऐलान**

# फिलिस्तीन को आजाद देश की मान्यता देगा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड बोला- हम भी विचार कर रहे



**कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने फिलिस्तीन को एक अलग देश के तौर पर मान्यता देने का ऐलान किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने सोमवार को कहा कि इस पर सितंबर में फैसला लिया जाएगा। इससे पहले ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा भी फिलिस्तीन को मान्यता देने का ऐलान कर चुके है। दो सप्ताह पहले फ्रांस ने जब फिलिस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने का ऐलान किया था, तब अल्बनीज ने कहा था कि ऑस्ट्रेलिया ऐसा कोई कदम नहीं उठाने जा रहा है। अब अल्बनीज ने कहा कि अलग फिलिस्तीन देश के तौर पर मान्यता देने का फैसला पिछले दो हफ्तों में ब्रिटेन, फ्रांस, न्यूजीलैंड और जापान के नेताओं से बातचीत के बाद लिया गया। वहीं, न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने कहा कि उनका देश भी फिलिस्तीन को अलग देश के तौर पर मान्यता देने के लिए विचार कर रहा है।

**अल्बनीज बोले- इजराइल कानून की अनदेखी कर रहा :** अल्बनीज ने गाजा की मौजूद हालत को 'दुनिया का सबसे बुरे सपना बताया'। उन्होंने कहा कि इजराइल लगातार अंतरराष्ट्रीय कानून की अनदेखी कर रहा है। अब पश्चिम एशिया में हिंसा खत्म करने और गाजा में युद्ध, भूख और पीड़ा को रोकने का सबसे अच्छा तरीका टू स्टेट सॉल्यूशन है, जिसमें राजनीतिक रास्ता अपनाया जाए, सैन्य नहीं। ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने कहा कि उन्होंने इसे लेकर नेतन्याहू से भी बात की। उन्होंने महसूस किया है कि उनके तर्क एक साल पहले के जैसे ही हैं। उन्होंने नेतन्याहू से कहा कि अब सैन्य समाधान नहीं, बल्कि राजनीतिक समाधान की जरूरत है।

### अलग देश की मान्यता पर रखी शर्तें

ऑस्ट्रेलिया ने फिलिस्तीन को मान्यता देने के पीछे कुछ शर्तें भी रखी हैं। पीएम अल्बनीज ने कहा कि फिलिस्तीन प्राधिकरण को यह वादा करना होगा कि वह अपने नियंत्रण वाले इलाकों में हथियारबंद गुटों और मिलिशिया को खत्म करेगा। अल्बनीज ने कहा कि फिलिस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि भविष्य में होने वाले किसी भी फिलिस्तीनी राज्य में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। अल्बनीज ने कहा कि क्कने उस सिस्टम को भी खत्म करने की बात कही है जिसमें इजराइल के लिए लड़ने वाले परिवारों को पैसे दिए जाते हैं। इसे अक्सर 'हत्या की कीमत' कहा जाता है। इसके अलावा अल्बनीज ने आम चुनाव करने और इजराइल के अस्तित्व के अधिकार को भी मान्यता देने की मांग की।

फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार के फैसले पर कहा कि एक अलग देश का दर्जा मिलना उनके आत्म निर्णय के अधिकार को बढ़ावा देता है। फिलिस्तीनी प्राधिकरण वेस्ट बैंक में बनी एक तरह की अस्थायी सरकार है, जिसे 1994 में ओस्लो समझौते के तहत बनाया गया था। इसका काम वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी के कुछ हिस्सों में फिलिस्तीनी लोगों के लिए प्रशासन चलाना और पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य और कुछ स्थानीय मामलों की जिम्मेदारी संभालना है।

**गाजा में 61 हजार लोगों की मौत:** हमास से जुड़े स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक गाजा में अब तक भूख और कुपोषण से 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय ने यह भी दावा किया कि अक्टूबर 2023 से चल रही जंग में अब तक 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इस बीच इजराइल ने गाजा पर कब्जा करने की कोशिश शुरू कर दी है। इजराइली सिक्योरिटी कैबिनेट ने शुक्रवार सुबह गाजा सिटी पर कब्जा करने की मंजूरी दी थी। नेतन्याहू ने कहा कि यह कदम हमास को खत्म करने और बंधकों को छुड़ाने के लिए ज़रूरी है। हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि इससे बंदियों की जान और खतरे में पड़ सकती है और गाजा में संकट और बड़ा हो जाएगा।

### फिलिस्तीन के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रदर्शन हुआ

ऑस्ट्रेलियाई पीएम का यह फैसला देश में हजारों फिलिस्तीनी समर्थक कार्यकर्ताओं और कैबिनेट के कुछ सदस्यों के हफ्तों से जारी दबाव के बाद आया है। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में रविवार को करीब 10 हजार लोगों ने गाजा के समर्थन में एक बड़ा मार्च निकाला। इस दौरान लोगों ने सत्ताधारी लेबर पार्टी और पीएम अल्बनीज के खिलाफ नारे लगाए थे। यह मार्च सिडनी के मशहूर हार्बर ब्रिज पर हुआ, जिसमें लोग गाजा के मानवीय संकट के खिलाफ आवाज उठाई। प्रदर्शनकारियों ने फ्री फिलिस्तीन जैसे नारे लगाए और गाजा में भुखमरी खत्म करने की मांग की। इस मार्च को फिलिस्तीन एक्शन ग्रुप ने आयोजित किया था, जिसका मकसद दुनिया का ध्यान गाजा क मुश्किल हालातों की ओर खींचना था।



## दक्षिण कोरिया की आर्मी में 20प्रतिशत सैनिकों की कमी, नहीं मिल रहे जवान लड़के

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की मिलिट्री में सैनिकों की संख्या पिछले छह सालों में 20प्रतिशत कम हो गई है, क्योंकि वहां पुरुषों की तादाद में भारी गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण दुनिया में सबसे कम जन्मदर का होना है, जो कि औसतन 0.75 पर है। रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, 20 साल के पुरुषों की संख्या 2019 से 2025 तक 30प्रतिशत घटकर 2 लाख 30 हजार हो गई है। 20 साल की उम्र में ज्यादातर पुरुष मिलिट्री सर्विस के लिए भर्ती होते हैं। अब सेना में अधिकारियों की भी कमी हो रही है और आगे चलकर ऑपरेशन्स में दिक्कतें आ सकती हैं। सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद चू मी-ए को यह रिपोर्ट दी गई, जिनके कार्यालय ने इसे जारी किया है। दक्षिण कोरिया की सेना का आकार 2000 के दशक की शुरुआत से लगातार कम हो रहा है, जब इसमें लगभग 6 लाख 90 हजार सैनिक हुआ करते थे। 2010 के दशक के अंत में यह कमी तेज हुई और सेना में करीब 4 लाख 50 हजार सैनिक बचे हैं। वहीं, उत्तर कोरिया के पास 2022 में लगभग 12 लाख सक्रिय सैनिकों की सेना थी।



### जापान के क्यूशू द्वीप पर भारी बारिश के चलते बाढ़ और भूस्खलन, कई लोग लापता

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के दक्षिणी क्षेत्र स्थित क्यूशू द्वीप पर भारी बारिश के चलते बाढ़ और भूस्खलन ने बड़ी तबाही मचाई है। आपदा के कारण कई लोग घायल हो गए। जबकि द्वीप पर छुट्टी मनाने पहुंचे कई लोग लापता हो गए। क्षेत्र में बचावकर्मी लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। जापान में पिछले सप्ताह के अंत में शुरू हुई मूसलाधार बारिश के कारण दक्षिणी कागोशिमा प्रांत में एक व्यक्ति लापता हो गया और चार अन्य घायल हो गए। इसके बाद क्यूशू के उत्तरी हिस्सों में और ज्यादा बारिश होने लगी। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने सोमवार तड़के कुमामोटो में चेतावनी जारी की।

# गाजा में आईडीएफ के हमले में मारे गए अल जज़ीरा के 5 पत्रकार, इजरायल का दावा- एक था हमास आतंकी

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पर पूर्ण कब्जे के इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के प्लान के बीच इजरायली सुरक्षा बल वहां ताबड़तोड़ हमले कर रहे हैं। इन हमलों में अल जज़ीरा के कम से कम पाँच पत्रकार मारे गए हैं। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल के मुख्य द्वार के बाहर प्रेस के लिए एक तंबू को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में मारे गए सात लोगों में पांच पत्रकार भी शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ितों में अल जज़ीरा के संवाददाता अनस अल-शरीफ और मोहम्मद क़रीक़ेह, साथ ही कैमरामैन इब्राहिम ज़हीर, मोआमेन अलीवा और मोहम्मद नौफ़ल शामिल हैं। इस हमले के तुरंत बाद, इजरायली सेना ने एक बयान में अल जज़ीरा के संवाददाता अनस अल-शरीफ को निशाना बनाने की बात स्वीकार की है और उसे आतंकवादी करार देते हुए कहा कि वह हमास में एक आतंकवादी सेल के प्रमुख के रूप में काम कर चुका था।

**मौत से पहले बमबारी की रिपोर्टिंग :** 28 वर्षीय अल-शरीफ अपनी मौत से कुछ क्षण पहले ही गाजा शहर पर हो रहे तीव्र इजरायली बमबारी की रिपोर्टिंग करते हुए



दिखाई दिए। सोशल मीडिया एक्स पर शरीफ ने इस हमले की रिपोर्टिंग करते हुए एक पोस्ट जारी किया था। अल जजीरा की रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह पोस्ट उनके एक मित्र द्वारा पोस्ट की गई है, जो उनके अकाउंट से उनकी मौत की सूचना मिलने के बाद प्रकाशित की गई है। अल-शरीफ के पोस्ट में लिखा गया है, अगर मेरे ये शब्द आप तक पहुंचें तो जान लें कि इजरायल मुझे मारने और मेरी आवाज को दबाने में सफल हो गया है। अल-शरीफ के आखिरी वीडियो के बैकग्राउंड में इजरायल के भीषण बमबारी की तेज आवाज सुनी जा सकती है, जबकि अंधेरा आकाश नारंगी रोशनी की चमक से जगमगा रहा है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि अल-शरीफ को गाजा युद्ध की धारदार रिपोर्टिंग करने के कारण निशाना बनाया गया है और इजरायल के पास उसके आतंकी होने के कोई सबूत नहीं है। अल जज़ीरा ने अल शरीफ़ को गाज़ा के सबसे बहादुर पत्रकारों में से एक बताते हुए कहा कि यह हमला गाज़ा पर कब्ज़े की आशंका में उठ रही आवाज़ों को दबाने की एक हताश कोशिश है। पत्रकार समूहों और अल जज़ीरा ने हत्याओं की निंदा की। दूसरी तरफ, इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि अल शरीफ़ हमास सेल का प्रमुख था और इजरायली नागरिकों और आईडीएफ (इज़रायली) सैनिकों पर रॉकेट हमलों को बढ़ावा देने के लिए ज़िम्मेदार था।

# रूस से तेल खरीदने के चलते चीन पर भी टैरिफ लगा सकते हैं ट्रंप: उपराष्ट्रपति जेडी वेंस

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर भारी-भरकम टैरिफ लगा दिया है। अब ट्रंप, चीन पर भी रूस से तेल खरीदने के लिए टैरिफ लगाने पर विचार कर रहे हैं। ये कहना है अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का। एक इंटरव्यू में जेडी वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप, चीन पर टैरिफ लगाने पर विचार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कुछ भी तय नहीं है।

### चीन की अमेरिका को दो टूक

सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में चीन का रूसी तेल आयात बढ़कर 10 अरब डॉलर से ज्यादा हो गया, जो मार्च के बाद से अब तक का सबसे ज्यादा मासिक तेल आयात है। हालांकि, इस साल चीन का रूस से कुल



आयात 2024 की तुलना में 7.7 प्रतिशत कम रहा। वहीं अमेरिका की टैरिफ धमकियों के बीच चीन ने रूस के साथ अपने ऊर्जा व्यापार का बचाव किया। चीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में दो टूक कहा, रूस सहित दुनिया भर के सभी देशों के साथ सामान्य आर्थिक, व्यापारिक और ऊर्जा सहयोग करना चीन के लिए कानूनी तौर पर वैध है। हम अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार तेल खरीद करते रहेंगे।

### अमेरिका ने भारत पर टैरिफ लगाया

पिछले हफ्ते ट्रंप ने रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया। इस तरह भारत पर अमेरिका का कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। अतिरिक्त टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। भारत ने भी अमेरिका के टैरिफ पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और इसे अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत का ऊर्जा आयात बाज़ार के कारकों और हमारी ऊर्जा जरूरतों से प्रेरित है और इसका उद्देश्य अपनी 1.4 अरब आबादी के लिए ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

### वेंस बोले- चीन पर टैरिफ लगाना अभी तय नहीं

इंटरव्यू के दौरान एंकर ने वेंस से पूछा कि अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर भारी-भरकम टैरिफ लगाए हैं तो क्या अमेरिका, चीन के खिलाफ भी ऐसी कोई कार्रवाई कर सकता है? इस पर वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप इस पर विचार कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने इस पर कोई फैसला नहीं किया है। चीन का मुद्दा थोड़ा जटिल है क्योंकि चीन से हमारे रिश्ते ही कुछ ऐसे हैं। रूस की स्थिति को छोड़ दें तो भी चीन पर टैरिफ लगाने से कई अन्य चीजें भी बिगड़ सकती हैं। इसलिए राष्ट्रपति ट्रंप फिलहाल इस पर विचार कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है।

## तुर्की में 6.1 तीव्रता के साथ हिली धरती, भूकंप के बाद कई आफ्टरशॉक्स भी, कई इमारतें ढहीं

**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी प्रांत बालिकेसिर में रविवार रात को 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे करीब एक दर्जन इमारतें ढह गईं। भूकंप के बाद कई आफ्टरशॉक्स भी महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप की वजह से मलबे में कम से कम दो लोग फंसे हुए हैं। भूकंप का केंद्र कस्बा सिंदिरगी था और इसके झटके लगभग 200 किलोमीटर दूर इस्तांबुल तक महसूस किए गए, जहां की आबादी 1.6 करोड़ से अधिक है। सिंदिरगी के महापौर सेरकन साक ने बताया कि भूकंप के कारण कस्बे में कई इमारतें गिर गई हैं। बचाव दल ने चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है, जबकि दो अन्य को मलबे से निकालने का प्रयास जारी है। पास के गोलकुक गांव में भी कई घर ध्वस्त हो गए और एक मस्जिद की मीनार गिर गई।

### कई आफ्टरशॉक्स भी

तुर्की की आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि भूकंप के बाद कई आफ्टरशॉक्स भी महसूस



किए गए, जिनमें एक की तीव्रता 4.6 थी। एजेंसी ने लोगों से क्षतिग्रस्त भवनों से दूर रहने की चेतावनी दी है।

**दो साल पहले भूकंप ने ले ली थी हजारों की जान :** तुर्की भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र है और यहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। वर्ष 2023 में तुर्की में आए 7.8 तीव्रता वाले विनाशकारी भूकंप में 53,000 से अधिक लोग मारे गए थे, जिससे देश को भारी नुकसान हुआ था।

# शुभमन गिल बने जुलाई महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ, चौथी बार जीता यह पुरस्कार

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड की स्पिनर सोफिया डंकले को क्रमशः जुलाई के लिए द्रुष्टष्ट पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। गिल को इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर वियान मुल्डर से कड़ी टक्कर के बाद प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला है। यह उनका चौथा प्लेयर ऑफ द मंथ का सम्मान है, इससे पहले उन्होंने इस साल फरवरी, जनवरी और सितंबर 2023 में यह सम्मान जीता था।

इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने जुलाई में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की शानदार औसत से 567 रन बनाए जिसमें छह मैचों में एक दोहरा शतक और दो शतक शामिल हैं। भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में यह गिल का पहला दौरा था और उन्होंने कहा कि यह सम्मान पाना उनके लिए एक बड़ा सम्मान है।

गिल ने कहा, 'जुलाई के लिए द्रुष्टष्ट प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर बहुत अच्छा लग रहा है। इस बार यह और भी ज़्यादा मायने रखता है क्योंकि यह पुरस्कार मुझे कप्तान के रूप में मेरी पहली टेस्ट सीरीज के दौरान मेरे प्रदर्शन के लिए मिला है। बर्मिंघम में लगाया गया दोहरा शतक निश्चित रूप से ऐसी चीज है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा और यह मेरे इंग्लैंड दौरे के सबसे यादगार पलों में से एक होगा।'

उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज कप्तान के रूप में मेरे लिए सीखने का एक अनुभव था और दोनों टीमों ने कुछ बेहतरीन प्रदर्शन किए, जिन्हें दोनों टीमों के खिलाड़ी लंबे समय तक याद रखेंगे। मैं इस पुरस्कार के लिए मुझे चुनने के लिए जूरी का और इस रोमांचक सीरीज के दौरान मेरे साथ रहे मेरे साथियों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।' गिल ने कहा, 'मैं आने वाले सीजन में भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखने और देश के लिए और भी सम्मान लाने के लिए उत्सुक हूं।'

इस बीच सोफिया डंकले के बल्ले से लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें पहली बार आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का सम्मान दिलाया है। उन्होंने इस मासिक पुरस्कार के लिए इंग्लैंड की साथी सोफी एक्लेस्टोन और आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस को कड़ी टक्कर दी। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने ब्रिस्टल में भारत के खिलाफ दूसरे टी20आई में महीने की शुरुआत अच्छी नहीं की थी। हालांकि उन्होंने अगले मैच में शानदार वापसी की और 53 गेंदों पर 75 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी क्लास का प्रदर्शन किया, यह पारी इंग्लैंड की छह रनों की मामूली जीत में अहम साबित हुई।

डंकले ने चार टी20आई मैचों में 36 की औसत से 144 रन बनाए, जिसमें 134.57 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट रही। उनका यह फॉर्म वनडे में भी जारी रहा, जहां उन्होंने 63 की औसत और 91.97 के स्ट्राइक रेट से 126 रन बनाए। फॉर्म में चल रही इंग्लैंड की इस बल्लेबाज के लिए बल्ले से एक मजबूत ऑलराउंड महीने का समापन हुआ। पुरस्कार



जीतने पर डंकले ने कहा, 'भारत के खिलाफ एक बेहद कड़ी सीरीज के बाद आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीतकर मैं बेहद खुश हूं। हम यह सीरीज जीतना पसंद करते, लेकिन मुझे लगता है कि आईसीसी महिला विश्व कप की ओर बढ़ते हुए हम इससे बहुत कुछ सीखेंगे। भारत अपनी जीत का हकदार था और इस सीरीज का हिस्सा बनना एक शानदार अनुभव था।'

# दीप्ति शर्मा टी20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंची, स्मृति मंधाना को हुआ नुकसान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। दूसरी तरफ सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बल्लेबाजों के बीच टॉप से दूसरे स्थान पर खिसक गईं।

दीप्ति पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ 732 रेटिंग अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। सादिया रैंकिंग में पहले स्थान से दूसरे स्थान पर खिसक गई जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड चार रेटिंग अंको की बढ़त के साथ पहली बार टॉप रैंकिंग की टी20 अंतर्राष्ट्रीय गेंदबाज बनने में सफ रही।

सदिया ने आयरलैंड के खिलाफ सीरीज में सिर्फ तीन विकेट लेने के बाद रेटिंग अंक गवां दिए। पाकिस्तान महिला टीम इस सीरीज को 1-2 से हार गई थी। सदरलैंड ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद से सबसे छोटे अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है। इससे उनके रेंटिंग अंक में कोई बदलाव नहीं आया है।

टी20 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की लिस्ट में दीप्ति 387 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वह वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर से पीछे हैं।

वहीं बल्लेबाजों की लिस्ट में स्मृति मंधाना एक स्थान फिसल कर इंग्लैंड की नैट सिवर-ब्रंट के बाद दूसरे पायदान पर गई हैं। जबकि हरमनप्रीत कौर 10 पायदान की छलांग लगातार शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल होने के करी पहुंच गई हैं। वह फिलहाल 11वें नंबर पर हैं।

# वॉर्नर टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवे खिलाड़ी बने

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने इंग्लैंड में जारी द हंड्रेड प्रतियोगिता के दौरान ओरिजिनल्स के खिलाफ अपनी टीम लंदन स्पिरिट्स की ओर से अर्धशतक लगाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब वार्नर टी20 क्रिकेट



में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवे खिलाड़ी बन गये हैं। इसी के साथ ही ही उन्होंने भारत के विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। अब 419 टी20 मैचों में वार्नर के 36.80 की औसत और 140 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 13,545 रन हो गये हैं। जिसमें 8 शतक और 113 अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 135 है। दूसरी ओर भारतीय बल्लेबाज विराट ने 414 मैचों और 397 पारियों में 41.92 की औसत, 134.67 की स्ट्राइक रेट, 9 शतक और 105 अर्द्धशतकों के साथ 13,543 रन बनाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 122 है। टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी वेस्टइंडीज के क्रिस गेल हैं जिन्होंने 463 मैच खेले हैं जिनमें 455 पारियों में 36.22 की औसत, 144.75 की स्ट्राइक रेट, 22 शतक और 88 अर्द्धशतक के साथ 14,562 रन बनाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 रहा है।

यह वार्नर का पहला द हंड्रेड सीजन है और वह तीन मैचों में 75.00 की औसत, 141.50 की स्ट्राइक रेट और दो अर्धशतकों के साथ 150 रन बनाकर शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

मैच की बात करें तो मैच के दौरान वॉर्नर ने 51 गेंदों में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 71 रनों की शानदार पारी खेली और 139 से ज्यादा की औसत से रन बनाए। हालांकि इसके बाद भी उनकी टीम मैनचेस्टर द्वारा बनाए गए 164 रनों के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पायी।

# उन्होंने 'गलत प्रारूप' से संन्यास लिया, रोहित-विराट के टेस्ट क्रिकेट छोड़ने पर पूर्व क्रिकेटर का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली ~रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के जल्द ही वनडे से संन्यास लेने की मीडिया रिपोर्टों के बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि भारतीय दिग्गजों ने गलत प्रारूप से संन्यास लिया और वर्तमान समय में वनडे क्रिकेट के अभाव के कारण उन्हें टेस्ट क्रिकेट की बजाय 50 ओवर के प्रारूप को छोड़ना चाहिए था।

कप्तान शुभमन गिल द्वारा भारत को 2-2 से शानदार ड्रॉ दिलाने के कुछ दिनों बाद ऐसी खबरें आने लगीं कि रोहित और विराट वनडे भी छोड़ सकते हैं। दोनों ही 2027 में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया में होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप की योजना में नहीं हैं, जब तक कि दोनों अपनी मैच फिटनेस और फॉर्म साबित करने के लिए घरेलू 50 ओवर का क्रिकेट नहीं खेलते। दोनों क्रिकेटरों ने मई में भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए चोपड़ा ने कहा, %सच्चाई यह है कि उन्होंने गलत फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है। उन्होंने टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 छोड़ दिया था, लेकिन अगर वे टेस्ट खेलना जारी रखते और वनडे को अलविदा कह देते तो कहानी कुछ और होती। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले 12 महीनों में भारत ने सिर्फ 6 वनडे खेले थे।'

उन्होंने आगे कहा, 'हो सकता है कि आप साल में



सिर्फ छह टेस्ट खेलें, लेकिन अगर ये सिर्फ छह टेस्ट भी हैं, तो ये 30 दिन का क्रिकेट है। अगर सिर्फ छह वनडे खेले जाते हैं, तो ये एक समयावधि में सिर्फ छह दिन का क्रिकेट होगा। आपके आखिरी द्धक्क मैच से लेकर अगले वनडे मैच तक 100 दिन से ज्यादा का समय लगेगा। आप बिल्कुल नहीं खेल रहे हैं। आप बिल्कुल भी अभ्यास नहीं कर रहे हैं।' चोपड़ा ने यह भी बताया कि इन दिनों वनडे सीरीज के बीच का अंतराल भी 'बेहद बड़ा' है और सिर्फ कुछ वनडे मैचों से फॉर्म, फिटनेस, डाइट के प्रति प्रतिबद्धता आदि को बनाए रखना मुश्किल होगा। मौजूदा कमेंटेटर ने कहा, 'तीन मैचों की एक सीरीज सात से आठ दिनों में खत्म हो जाती है। फिर अगली सीरीज तीन महीने बाद होगी। अंतराल बहुत बड़ा है और आप बीच में प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलेंगे। यह सच है कि अगर वे टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखते और वनडे छोड़ देते, तो लय में बने रहना बहुत आसान होता।' पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'जब आप टेस्ट से संन्यास ले चुके होते हैं और वनडे क्रिकेट ज्यादा नहीं खेला जाता, तो इसका कोई खास मतलब नहीं बनता। इसलिए सिर्फ दो महीने का तेज-तर्रार द्धक्क, जहां आपको 14 से 16 पारियां खेलने को मिलेंगी और फिर छह महीने बाद तीन मैच और फिर तीन महीने बाद तीन मैच। मुझे लगता है कि यह बहुत, बहुत मुश्किल है।'


# पिछले दो साल से शतक नहीं लगा पाये हैं बाबार

लाहौर । पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार असफल हो रहे हैं। वह पिछले दो साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक नहीं लगा पाये हैं। उनके बल्ले से अंतिम शतक 30 अगस्त 2023 को निकला था। उसके बाद से ही वह कई अवसरों पर 50 के ऊपर तो पहुंचने में सफल रहे, मगर शतक नहीं लगा पाये हैं। बाबर आजम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाए 712 दिन और 71 पारियां हो गई है। बाबर आजम के करियर का यह दो शतकों के बीच सबसे लंबा अंतर है। इससे पहले 25वें शतक तक पहुंचने के लिए उन्हें 25 पारियां लगी थी, वहीं 8वां शतक उन्होंने 22 पारियों के बाद बनाया था। कई बार पाक क्रिकेटर उनकी तुलना भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली से करते रहे हैं। कोहली के करियर में भी एक खराब दौर आया था जब उनके बल्ले से भी शतक नहीं निकल रहे थे। विराट ने 2019 के बाद सीधा 2022 में शतक जड़ा था। उन्हें अपने 71वें अंतरराष्ट्रीय शतक के लिए 83 पारियां और 1020 दिनों का इंतजार करना पड़ा था।वहीं बाबर लगता है विराट कोहली को इस मामले में भी पीछे छोड़ने में लगे हैं।



# सैमसन आते हैं तो सीएसके में उनका स्वागत करुंगा :श्रीकांत

चेन्नई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान के श्रीकांत ने कहा है कि अगर संजू सैमसन चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) आते हैं तो उन्हें कप्तान बनाया जाना चाहिये। श्रीकांत के अनुसार सैमसन सीएसके में महेन्द्र सिंह धोनी के सबसे अच्छे उत्तराधिकारी बन सकते हैं। अभी सैमसन आईपीएल राजस्थान रॉयल्स के कप्तान हैं। श्रीकांत का कहना है कि अगर रॉयल्स उन्हें रिलीज करता है तो मैं उनका सीएसके में स्वागत करुंगा।. उन्होंने कहा कहा, 'धोनी 44 साल के हैं और वह अपने अंतिम आईपीएल टूर्नामेंट की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे में टीम को उनके एक बेहतर विकल्प की जरुरत है और मेरा मानना है कि इसके लिए सैमसन पहली पसंद हो सकते हैं।' उन्होंने कहा कि सैमसन तमिलनाडु में बेहद लोकप्रिय हैं जिससे भी टीम को प्रशंसकों को और अधिक समर्थन मिलेगा। इसके साथ ही कौशल और ब्रांड वैल्यू के मामले में भी वह काफी आगे हैं। इसीलिए अगर उन्हें राजस्थान टीम छोड़ती है तो उन्हें लिया जाना चाहिये। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स से उन्हें रिलीज या ट्रेड करने का आग्रह किया है। वहीं रॉयल्स ने अभी तक इस मामले में . कोई बयान नहीं दिया है। आरआर के साथ सैमसन की यह दूसरी पारी थी। पहले 2013 से 2015 तक इस टीम के साथ थे। वहीं दूसरी पारी में वह साल 2018 से रॉयल्स के साथ जुड़े और 2022 से ही टीम की कप्तानी उनके पास है। सैमसन कप्तानी, विकेटकीपिंग के साथ ही सलामी बल्लेबाज के तौर पर अच्छे विकल्प हैं। तीनों ही भूमिकाओं में वह अपने को साबित करने में सफल रहे हैं। सीएसके को भी धोनी के बाद एक ऐसा खिलाड़ी चाहिये जो सभी भूमिकाएं कुशलता से निभा सके। ऐसे में सैमसन पर उसकी नजर है। सैमसन एक सलामी बल्लेबाज होने के साथ ही तेज गेंदबाजों के साथ–साथ स्पिनर्स को भी अच्छा खेलते हैं। सैमसन के नाम 176 मैचों की 172 पारियों में 3 शतक और 26 अर्धशतक के साथ ही 4,704 रन बनाए हैं।



# खेल विधेयक के समर्थन में उतरीं पीटी उषा, कहा- गतिरोध होगा खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राज्यसभा की मनोनीत सदस्य पीटी उषा ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक को अपना स्पष्ट समर्थन देते हुए कहा कि ये दशकों से चली आ रही स्थिर यथास्थिति को समाप्त करने में सहायक होगा। इसके अलावा देश के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लएगा। बता दें कि, ये विधेय लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी पारित हो गया।

दरअसल, सोमवार को लोकसभा द्वारा पारित विधेयक पर चर्चा के दौरान उषा ने इसके प्रावधानों की सराहना की। जिसें राष्ट्रीय खेल बोर्ड की स्थापना भी शामिल है। जिसके बाद खेल महासंघों



(एनएसएफ) को मान्यता देने का सर्वोच्च अधिकार होगा। केंद्रीय निधि प्राप्त करने के लिए एनएसबी से संबद्धता अनिवार्य होगी।

बता दें कि, विधेयक में खेल विवादों से निपटने के लिए राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण और राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल को राष्ट्रीय खेल महासंघों के चुनावों की निगरानी का भी प्रस्ताव है। एक अन्य मनोनीत सदस्य सुधा मूर्ति के साथ बैठीं उषा ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि, आज का दिन व्यक्तिगत और राष्ट्रीय स्तर पर बेहद महत्वपूर्ण है। मुझे इस पल का लंबे समय से इंतज़ार था।

उन्होंने पिछले साल इस विधेयक का विरोधा किया था और इसे सरकारी हस्तक्षेप बताया था और चेतावनी दी थी कि भारत को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति से प्रतिबंध का सामन करना पड़ा सकता है। हालांकि, खेल मंत्री मनसुख मंडाविया के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद उन्होंने अपने विचार बदल दिए हैं।

# स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपनी गर्लफ्रेंड से की सगाई, जॉर्जिना ने शेयर की खुशखबरी



वाशिंगटन । स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लंबे समय से उनकी पार्टनर रही जॉर्जिना रोड्रिग्स ने सगाई कर ली है। जॉर्जिना 31 साल की हैं। उन्होंने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी उंगली में एक बड़ी अंगूठी दिखाते हुए एक तस्वीर के साथ इस खुशखबरी की घोषणा की। जॉर्जिना ने तस्वीर के साथ स्पेनिश में कैप्शन में लिखा, 'हां हमने सगाई कर ली है। यह मेरी जिंदगी का सबसे खूबसूरत पल है।' जॉर्जिना और 40 वर्षीय रोनाल्डो की दो बेटियां हैं। उन्होंने रोनाल्डो के अन्य तीन बच्चों की परवरिश में भी मदद की है। जॉर्जिना ने 2022 में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था लेकिन उनमें से एक लड़के की मौत हो गई थी। रोनाल्डो की जॉर्जिना से 2016 में मुलाकात हुई थी जब वह मैड्रिड के एक स्टोर में काम करती थीं। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड पूर्व स्टार रोनाल्डो अब सऊदी अरब में अल–नासर के लिए खेलते हैं।

# सिनसिनाटी ओपन ~आर्यना संबालेका ने जीता महिला सिंगल्स खिताब, फाइनल में एम्मा रादुकानु को हराया

**सिनसिनाटी (एजेंसी)।** दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने 3 घंटे 9 मिनट तक चले सिनसिनाटी ओपन के संघर्षपूर्ण फाइनल में ब्रिटेन की एम्मा रादुकानु को हराकर खिताब जीता। रादुकानु एक बार फिर से सबालेंका के खिलाफ लगातार हार के सिलसिले को तोड़ने में नाकामयाब रहीं।

पहले सेट में रादुकानु ने शानदार खेल दिखाया और पहले नौ अंक जीतकर जोरदार शुरुआत की। लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता गया, उनकी पकड़ कमजोर होती गयी। उनकी सर्विस कमजोर पड़ने लगी। वहीं, सबालेंका ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की और टाई-ब्रेक में पहला



सेट 7-6 (3) से जीता। दूसरे सेट में एम्मा रादुकानु ने जोरदार वापसी की। उन्होंने सबालेंका को छकाते हुए सेट 4-6 से अपने नाम किया।

तीसरा सेट बेहद अहम और निर्णायक था। दोनों की तरफ से उनका सर्वश्रेष्ठ खेल देखने को मिला। रादुकानु ने ताकतवर फोरहैंड और बैकहैंड का इस्तेमाल किया और सबालेंका के आक्रमण को रोकने में भी सफलता पाई। वहीं नंबर वन खिलाड़ी सबालेंका ने भी अपनी क्लास से रादुकानु पर अपनी पकड़ बनाए रखी और सेट टाई ब्रेकर में 7-6 (5) से जीतकर खिताब अपने नाम किया।

जीत के बाद सबालेंका ने कहा, 'मैं इस मुश्किल मैच को जीतकर खुश हूं। रादुकानू पर तीसरे सेट में जीत हासिल करने के लिए मुझे जोखिम भरे शॉट खेलने पड़े। मुझे उसके खिलाफ लड़ने में मज़ा आ रहा है। वह एक अद्भुत खिलाड़ी है, एक बहुत अच्छी इंसान है, और मैं उसके लिए बहुत खुश हूं। मैं उसे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ देखकर खुश हूं। वह खेल में लगातार सुधार कर रही है।'

एम्मा रादुकानु बेशक यह मैच नहीं जीत सकी, लेकिन उन्होंने अपने खेल से प्रभावित किया। फाइनल हारने के बाद रादुकानु ने कहा, ÷वह किसी खास वजह से नंबर 1 हैं। मैंने विंबलडन की तुलना में उन पर ज्यादा दबाव डाला। यह मेरे लिए संतोषजनक था। मैं हमेशा से सोचती थी कि घास मेरे लिए ज्यादा उपयुक्त है। अब भी यही मानती हूं। इसलिए हार्ड कोर्ट पर उन पर दबाव डालने पर मुझे बहुत गर्व है।'

# बुमराह को एशिया कप के बाद दिया जा सकता है आराम

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के एशिया कप में खेलने को लेकर अभी तक साफ तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। वहीं अब एक रिपोर्ट के अनुसार बुमराह को एशिया कप के लिए शामिल किया जा सकता है और इसके बाद उन्हें आराम दिया जा सकता है। एशिया कप अगले माह सितंबर में खेला जाएगा। इसमें एशिया की 8 टीमें भाग लेंगी। भारत की मेजबानी में होने वाले इस टूर्नामेंट का आयोजन 9 से 28 सितंबर के बीच दुबई और अबू धाबी में किया जाएगा। इसमें. भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, हांगकांग, यूएई और ओमान की टीमें खेलेंगी। बुमराह टी20 में भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पांचवे गेंदबाज हैं, उन्होंने अंतिम बार 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में खेला था। उनके नाम कुल 70 मैचों में 89 विकेट हैं। अजीत अगरकर की अध्यक्षता वानर चयन समिति 19 या 20 अगस्त को एशिया कप के लिए भारतीय टीम का चयन कर सकती है। ये एनसीए की फिटनेस रिपोर्ट पर भी आधारित रहेगा। माना जा र हा है कि बुमराह को एशिया कप के बाद अक्टूबर की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली सीरीज में आराम दिया जा सकता है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट 2 से 6 अक्टूबर तक अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि दूसरा टेस्ट 10 से 14 अक्टूबर दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।



# सूर्यकुमार यादव सहित एशिया कप से बाहर हो सकता है ये खिलाड़ी, अय्यर ने पास किया फिटनेस टेस्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या एशिया कप 2025 के लिए टीम के चयन से पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (NCA) में नियमित फिटनेस मूल्यांकन से गुजरेंगे। यह मूल्यांकन 11 और 12 अगस्त को होगा क्योंकि यह स्टार खिलाड़ी पिछले कुछ समय से मुंबई में प्रशिक्षण ले रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रेयस अय्यर ने अपनी फिटनेस साबित कर दी है और सीमित ओवरों के क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए वह निश्चित रूप से चयनकर्ताओं की पहली पसंद होंगे।

कप्तान सूर्यकुमार यादव हर्निया की सर्जरी से उबर नहीं पाए हैं और रिपोर्ट के अनुसार उन्हें पूरी तरह से फिट होने के लिए NCA में एक और सप्ताह बिताने की आवश्यकता होगी, लेकिन इससे एशिया कप में उनके खेलने की संभावना कम है। इस बीच ACC ने घोषणा की है कि आगामी एशिया कप के दौरान भारत बनाम पाकिस्तान के दो प्रमुख मैच दुबई में होंगे, जो 9 सितंबर से यूएई में शुरू होने वाला है।

भारत और पाकिस्तान 14 सितंबर को दुबई में और एक बार फिर, संभवतः 21 सितंबर को इसी मैदान पर आमने-सामने होंगे। 29 सितंबर को होने वाला फाइनल भी दुबई में ही होगा। यह टूर्नामेंट अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। यद्यपि कार्यक्रम 26 जुलाई को घोषित किए गए थे, लेकिन ACC ने आयोजन स्थलों की घोषणा नहीं की थी। टूर्नामेंट के 19 मैचों में से 11 दुबई में और 8 अबू धाबी में होंगे।

भारत अपने दो लीग मैच 10 सितंबर (UAE के खिलाफ) और 14 सितंबर (पाकिस्तान के खिलाफ) दुबई में खेलेगा जबकि ओमान के खिलाफ अंतिम लीग मैच 19 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में होगा। सुपर सिक्स मैचों में अबू धाबी में केवल एक मैच निर्धारित है। भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई ग्रुप ए में हैं, जबकि अफगानिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और हांगकांग ग्रुप बी में हैं।



# देश की आईटी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 24 फीसदी तक गिरा

## - निवेशक आईटी सेक्टर की जगह अन्य क्षेत्रों में दे रहे हैं निवेश करने में प्राथमिकता

**नई दिल्ली ।**

भारत की प्रमुख सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनियों का प्रदर्शन कमजोर होने के कारण निवेशक उनसे दूरी बना रहे हैं। 2025 की शुरुआत से देश की टॉप आईटी कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण लगभग 24 फीसदी घट गया है। आय में सुस्ती और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर जोखिम की बढ़ती चिंता के चलते आईटी सेक्टर में निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है। बीएसई सेंसेक्स में शामिल टीसीएस, इन्फोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा जैसे शीर्ष पांच आईटी कंपनियों का पीई मल्टीपल दिसंबर 2024 के 25.5 गुना से घटकर 22.3 गुना रह गया है, जो पिछले पांच साल के निचले स्तर पर है। यह पहली बार है जब आईटी सेक्टर बीएसई सेंसेक्स के कुल पीई मल्टीपल से नीचे कारोबार कर रहा है। जबकि बीएसई सेंसेक्स ने 2024 के अंत से 2.2 फीसदी की बढ़त दर्ज की है। टीसीएस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जिसका बाजार पूंजीकरण इस साल अब तक 26 फीसदी तक गिर चुका है। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 24.3 फीसदी, एचसीएल टेक का 23.1 फीसदी, विप्रो का 20.7 फीसदी घटा है। टेक महिंद्रा का प्रदर्शन बेहतर रहा, जिसका बाजार पूंजीकरण केवल 13.2 फीसदी कम हुआ है। विश्लेषकों का कहना है कि आईटी कंपनियों की आय में सुस्ती और निवेशकों का दूसरे क्षेत्रों की ओर रुख इस गिरावट के प्रमुख कारण हैं। साथ ही एआई के बढ़ते प्रभाव को लेकर अनिश्चितता भी निवेशकों को सताती है। फिलहाल, निवेशक आईटी सेक्टर की जगह अन्य क्षेत्रों में निवेश करना प्राथमिकता दे रहे हैं।



# एयर इंडिया की दिल्ली- वॉशिंगटन डी.सी. सीधी उड़ान सेवा 1 सितंबर से बंद


**नई दिल्ली ।**

एयर इंडिया ने 1 सितंबर से दिल्ली और अमेरिका के वॉशिंगटन डी.सी. के बीच चलने वाली सीधी उड़ान सेवा बंद करने का बड़ा ऐलान किया है। कंपनी ने यह कदम अपनी बाकी उड़ानों को बेहतर और समय पर चलाने के उद्देश्य से उठाया है। एयर इंडिया ने इस फैसले के पीछे कई कारण बताए हैं। सबसे बड़ा कारण यह है कि कंपनी अपने 26 बोइंग 787-8 विमानों को आधुनिक बनाने के लिए 'रीट्रोफिट प्रोग्राम' चला रही है। यह प्रक्रिया 2026 के अंत तक चलेगी, जिसके दौरान कई विमान एक साथ सेवा से बाहर रहेंगे। इस वजह से उड़ानों के लिए उपलब्ध विमानों की संख्या कम हो जाएगी। इसलिए कंपनी ने दिल्ली- वॉशिंगटन सीधी उड़ान सेवा रोकने का फैसला किया है ताकि अन्य उड़ानों को प्रभावित न होने दिया जा सके। दूसरा कारण पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का अक्सर बंद रहना है। पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद होने से भारत से अमेरिका जाने वाली उड़ानों को लंबा रूट लेना पड़ता है। इससे यात्रा का समय बढ़ जाता है और खर्च भी बढ़ जाता है। यह भी इस फैसले में एक महत्वपूर्ण वजह है। यात्रियों के लिए यह फैसला थोड़ी असुविधा पैदा कर सकता है। जिन यात्रियों ने 1 सितंबर के बाद के लिए दिल्ली-वॉशिंगटन की उड़ान का टिकट बुक किया है, उन्हें एयर इंडिया वैकल्पिक उड़ानें उपलब्ध कराएगी या टिकट की राशि वापस करेगी। कंपनी जल्द ही यात्रियों को इसके बारे में जानकारी देगी।




# भारत में ऑटोमोटिव चिप निर्माण की दिशा में क्वालकॉम का बड़ा कदम

## - कंपनी की रणनीति इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चिपसेट उत्पादन पर केंद्रित




**नई दिल्ली ।**

अमेरिका स्थित चिप डिज़ाइन कंपनी क्वालकॉम अब भारत में ऑटोमोटिव मॉड्यूल के निर्माण का स्थानीयकरण कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि क्वालकॉम अपने शीर्ष वैश्विक साझेदारों को भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थानांतरित करने में मदद कर रही है। इसका उद्देश्य भारत में ऑटोमोटिव सप्लाई चेन को मजबूत बनाना और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देना है। क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज के ऑटोमोटिव, औद्योगिक और एम्बेडेड आईटीओ के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि कंपनी भारतीय ऑटो कंपनियों को तकनीकी सहयोग देने के लिए भारी निवेश कर रही है। वर्तमान में कंपनी के कई मॉड्यूल चीन, कोरिया और ताइवान में बनते हैं, लेकिन अब भारत में ही निर्माण की दिशा में तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। कंपनी की यह रणनीति विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चिपसेट उत्पादन पर केंद्रित है। क्वालकॉम पहले ही भारत की प्रमुख ऑटो कंपनियों टाटा मोटर्स, महिंद्रा, मारुति सुजुकी और हुंदै के साथ साझेदारी कर चुकी है। उन्होंने कहा कि क्वालकॉम एक फैबलेस कंपनी है, यानी वह चिप्स डिज़ाइन करती है, लेकिन उनका निर्माण तीसरे पक्ष द्वारा

# भारत का पवन ऊर्जा सेक्टर तेज़ विकास की ओर, सुज़लॉन को फायदा




**नई दिल्ली।**

भारत का पवन ऊर्जा क्षेत्र आगामी वर्षों में तेजी से बढ़ने वाला है। सरकार की लोकल मैन्युफैक्चरिंग नीति, फैक्ट्री क्षमता में वृद्धि और नए प्रोजेक्ट्स के कारण 2030 तक पवन ऊर्जा क्षमता को वर्तमान 51.6 गीगावाट से बढ़ाकर 100 गीगावाट करने का लक्ष्य है। अगले पांच वर्षों में लगभग 48.4 गीगावाट नई पवन ऊर्जा जोड़नी होगी, जिसमें से 25.5 गीगावाट के प्रोजेक्ट्स पहले से काम में हैं और नई नीलामी से विकास और तेज होगा।

सरकार ने पवन टरबाइन के आवश्यक पार्ट्स का घरेलू उत्पादन अनिवार्य कर दिया है। ब्लेड, टावर और गियरबॉक्स तो देश में बनते हैं, लेकिन जेनरेटर और बियरिंग के लिए अभी भी कच्चा माल आयात करना पड़ता है। इससे छोटे आयात-निर्भर प्लेयर कम होंगे और बड़ी कंपनियों को फायदा होगा। देश की टरबाइन निर्माण क्षमता 18 गीगावाट सालाना है, पर इसका मात्र 20-25 फीसदी ही उपयोग हो रहा है। हालांकि चुनौतियां भी हैं, जैसे चीन पर कच्चे माल की निर्भरता, टेक्नोलॉजी रिसर्च की कमी और ट्रांसमिशन नेटवर्क में देरी। लेकिन गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों की ट्रांसमिशन प्लानिंग में तेजी आ रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सुज़लॉन एनर्जी इस क्षेत्र में सबसे मजबूत स्थिति में है। कंपनी को वित्तीय वर्ष 2026 में लगभग 4 गीगावाट के नए ऑर्डर मिलने की उम्मीद है, जिनमें 1.5 गीगावाट एनटीपीसी से होंगे। लोकल मैन्युफैक्चरिंग नियमों से सुज़लॉन को लाभ होगा, क्योंकि उसके पास पूरी तरह एकीकृत उत्पादन सेटअप है। इसके कारण कंपनी का ऑर्डर बुक 6.5 गीगावाट तक पहुंच सकता है।

# एप्पल एआई इंडस्ट्री में खेल रहा राजनीति, मस्क करेंगे कंपनी पर कानूनी कार्रवाई

**नई दिल्ली।**

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने एप्पल से कहा है कि उनकी एआई कंपनी एक्सएआई जल्द ही एप्पल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। मस्क का आरोप है कि ऐपल इस तरह से व्यवहार कर रही है जिससे ओपनएआई के अलावा कोई भी एआई कंपनी ऐप स्टोर में नंबर वन पर नहीं पहुंच सकती। यह विवाद तब बढ़ा जब एक्स, ऐप स्टोर की न्यूज कैटेगरी में नंबर वन और टॉप फ्री ऐप्स की सूची में पांचवें स्थान पर पहुंच गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मस्क ने सवाल उठाया कि एप्पल ने न तो एक्स और न ही ग्रोक को अपने ÷मस्ट हैव÷ सेक्शन में शामिल किया है। उन्होंने पूछा कि क्या आप राजनीति खेल रहे हैं? मामला क्या है? जानने की इच्छा है। मस्क ने यह भी कहा कि एप्पल ने सिर्फ तराजू पर अंगूठा नहीं रखा, बल्कि पूरा शरीर रख दिया है। मस्क ने एक्स पर लिखा कि एप्पल ऐसा व्यवहार कर रही है जिससे ओपनएआई के अलावा कोई भी एआई कंपनी ऐप स्टोर में शीर्ष स्थान नहीं हासिल कर सकती। यह साफ तौर पर एंटी-ट्रस्ट कानून का उल्लंघन है। एक्सएआई इस पर तुरंत कानूनी कार्रवाई करेगी। एप्पल और मस्क के बीच यह नया विवाद टेक इंडस्ट्री में प्रतिस्पर्धा, बाजार में प्रभुत्व और एआई के बढ़ते प्रभाव को लेकर एक बड़ा मुद्दा बन सकता है।

बता दें जून 2024 में एप्पल ने ऐलान किया था कि वह ओपनएआई के साथ साझेदारी कर चेटजीपीटी को अपने सभी डिवाइसों में इंटीग्रेट करेगी। उस समय ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने कहा था। हम के साथ मिलकर चेटजीपीटी को यूजर्स तक नए तरीके से पहुंचाने के लिए उत्साहित हैं। यह साझेदारी सुरक्षा, नवाचार और एआई को सभी के लिए सुलभ बनाने के हमारे मिशन के अनुरूप है। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया था एप्पल अगले चार सालों में अमेरिका में 600 अरब डॉलर का निवेश करेगा।

# रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 10 पैसे की बढ़त के साथ ही 87.63 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया 87.73 पर बंद हुआ था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 87.70 पर खुला और फिर बढ़त दर्ज करते हुए 87.65 के स्तर तक गया, जो पिछले सत्र के 87.75 के मुकाबले सुधार को दर्शाता है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार रुपये में मजबूती का कारण घरेलू शेयर बाजारों में तेजी है। हालांकि, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क को लेकर जारी अनिश्चितता और वैश्विक आर्थिक चिंताओं के कारण बाजार में सतर्कता बनी हुई है। निवेशक अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, जो मुद्रास्फीति के रुझान और भविष्य की मौद्रिक नीति को प्रभावित कर सकते हैं।



# आरबीआई ने दी सफाई, खाते में न्यूनतम बैलेंस की सीमा तय करने के लिए बैंक स्वतंत्र

## - अच्छी बैंकिंग सेवाएं प्राप्त करना हर नागरिक का अधिकार

**महेसाणा ।** गुजरात के महेसाणा में हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बचत खातों में न्यूनतम बैलेंस को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बचत खातों में न्यूनतम बैलेंस तय करना पूरी तरह बैंकों का अधिकार है। यह निर्णय आरबीआई के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। उन्होंने कहा कि बैंक अपनी नीति और व्यावसायिक रणनीति के आधार पर न्यूनतम बैलेंस की सीमा तय करने के लिए स्वतंत्र हैं। यह बयान ऐसे समय पर आया है जब आईसीआईसीआई बैंक ने अपने बचत खातों में 50,000 तक का न्यूनतम बैलेंस अनिवार्य कर दिया है। वहीं कुछ बैंक 10,000, 2,000 या इससे भी कम न्यूनतम बैलेंस की सीमा निर्धारित करते हैं। कुछ बैंक ग्राहकों को इस बाध्यता से पूरी तरह मुक्त भी कर चुके हैं। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि अच्छी बैंकिंग सेवाएं प्राप्त करना हर नागरिक का अधिकार है। उन्होंने प्रधानमंत्री जनधन योजना को एक ÷शुभ शुरुआत÷ बताते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत खाताधारकों को दुर्घटना बीमा, जीवन बीमा और अटल पेंशन योजना जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है, जिनका हर व्यक्ति को लाभ उठाना चाहिए।


# ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर घटाकर 3.6 प्रतिशत की

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती करते हुए इसे 3.85 फीसदी से घटाकर 3.6 फीसदी कर दिया। यह इस वर्ष की तीसरी कटौती है, इससे पहले फरवरी और मई में भी दरों में इतनी ही कमी की गई थी। नई दर मार्च 2023 के बाद से सबसे निचले स्तर पर है। इस फैसले के पीछे दो प्रमुख कारण हैं, मुद्रास्फीति में गिरावट और आर्थिक विकास की धीमी रफ्तार। रिजर्व बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया का यह कदम व्यापक रूप से अपेक्षित था, क्योंकि महंगाई में लगातार कमी आ रही है और उपभोग में गिरावट देखी जा रही है। इस कटौती से कर्ज लेना सस्ता होगा, जिससे बाजार में मांग बढ़ सकती है, लेकिन बचत पर ब्याज दर घटने की संभावना है। बैंक की यह नीति देश की अर्थव्यवस्था को गति देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

# शेयर बाजार में महिला निवेशकों की भागीदारी बढ़ी

## - 30 साल से कम उम्र के निवेशक घटे

**नई दिल्ली ।**



देश में शेयर बाजार में महिला निवेशकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के जून 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार लगभग सभी राज्यों में महिलाओं की हिस्सेदारी में इजाफा हुआ है। इसके विपरीत, 30 साल से कम उम्र के निवेशकों का अनुपात घटा है, जो बाजार में युवाओं की कम भागीदारी को दर्शाता है। महाराष्ट्र में महिला निवेशकों की हिस्सेदारी सबसे अधिक 28.4 फीसदी पर पहुंच गई है, जो वित्त वर्ष 2023 में 25.6 फीसदी थी। गुजरात दूसरे स्थान पर है, जहां यह आंकड़ा 26.6 फीसदी से बढ़कर 27.8 फीसदी हो गया है। देश के दूसरे सबसे बड़े निवेशक आधार वाले राज्य उत्तर प्रदेश में भी महिला निवेशकों की संख्या बढ़कर 18.7 फीसदी हो गई है, जबकि यह राष्ट्रीय औसत 24.5 फीसदपी से कम है। फिर भी, यह वित्त वर्ष 2023 के 16.9 फीसदी से बेहतर स्थिति है। छोटे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में महिला निवेशकों की हिस्सेदारी राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है। गोवा सूची में सबसे ऊपर है, इसके बाद मिजोरम, चंडीगढ़, दिल्ली और सिक्किम का स्थान है। वहीं युवा निवेशकों की हिस्सेदारी में कमी देखी गई है। मार्च 2024 में 30 साल से कम उम्र के निवेशकों की हिस्सेदारी 40 फीसदी थी, जो जून 2025 तक घटकर 39 फीसदी रह गई है। यह गिरावट नए युवा निवेशकों के कम प्रवेश के कारण हुई है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बैंकिंग सहित कई क्षेत्रों में बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 368.49 अंक टूटकर 80,235.59 और 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी 97.65 अंक नीचे आकर 24,487.40 पर बंद हुआ। इसके साथ ही वित्तीय सर्विसेज इंडेक्स एक फीसदी से अधिक नीचे आया। वहीं एफएमसीजी, रियल्टी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स बढ़कर बंद हुए।




वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप में मिश्रित रुख रहा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 154.15 अंक गिरकर 56,324.85 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 6.40 अंक बढ़कर 17,498.10 पर आ गया। सेंसेक्स पैक में मारुति सुजुकी, टेक महिंद्रा, एमएंडएम, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाइटन, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी और एचसीएल टेक के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, ट्रेंट, एचयूएल, एचडीएफसी बैंक, इटरनल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार शुरुआती कारोबार में गिरावट देखने को मिली, लेकिन बाद में आईटी शेयरों की मजबूती के चलते शेयर बाजार में तेजी लौटी। अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ को लेकर जारी अनिश्चितता ने निवेशकों को सतर्क बनाए रखा है। इसके चलते बाजार में उतार-चढ़ाव का माहौल` देखा जा रहा है। बीएसई सेंसेक्स 100 अंकों की गिरावट के साथ 80,508 पर खुला, जबकि निफ्टी50 ने भी कमजोरी के साथ शुरुआत की। शुरुआत में सेंसेक्स 276 अंक चढ़कर 80,880 पर पहुंच गया और निफ्टी भी 89.70 अंक बढ़कर 24,674 पर कारोबार कर रहा था। एशियाई बाजारों की बात करें तो चीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया के बाजारों में भी तेजी रही। वहीं अमेरिका के प्रमुख सूचकांक सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए क्योंकि निवेशक सीपीआई डेटा का इंतजार कर रहे हैं। डाउ जोन्स, एसएंडपी 500 और नैस्डैक में हल्की गिरावट दर्ज की गई।

# अमेरिका-चीन व्यापार समझौते को ट्रंप ने 90 दिनों के लिए बढ़ाया

## - अब अमेरिका और चीन को अपने व्यापारिक मतभेदों को सुलझाने मिल गया अतिरिक्त समय

**वाशिंगटन।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के साथ चल रहे व्यापारिक समझौते की समय सीमा को 90 दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब यह समझौता मंगलवार देर रात समाप्त होने वाला था। अगर यह समय सीमा खत्म हो जाती, तो अमेरिका चीन से आयात पर पहले से लग रहे 30 प्रतिशत शुल्क को और बढ़ा सकता था, जिससे चीन की ओर से भी जवाबी करों की आशंका थी। इस टकराव से वैश्विक बाजारों में भारी अस्थिरता आ सकती थी। ट्रंप ने इस विस्तार की जानकारी अपने सोशल मीडिया मंच पर दी और कहा कि उन्होंने इसके लिए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि समझौते की बाकी शर्तें यथावत रहेंगी। इस विस्तार से अब अमेरिका और चीन को अपने व्यापारिक मतभेदों को सुलझाने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। इस कदम का अमेरिकी कारोबार जगत ने स्वागत किया है। अमेरिका-चीन व्यापार परिषद के अध्यक्ष सीन स्टीन ने कहा कि इससे दोनों देशों को बातचीत का अवसर मिलेगा, जो दीर्घकालिक व्यापारिक स्थिरता के लिए अहम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे अमेरिकी कंपनियों को चीन में बाज़ार पहुंच बढ़ाने और व्यापारिक योजनाएं बनाने में भरोसा मिलेगा। इस निर्णय ने न सिर्फ एक बड़े आर्थिक टकराव को टाल दिया है, बल्कि यह भी संकेत दिया है कि वर्ष के अंत तक ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच एक उच्च स्तरीय शिखर बैठक हो सकती है।




# खरीफ सीजन में धान की बुवाई में 12 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली ।** चालू खरीफ सत्र 2025 में देशभर में फसलों की बुवाई पिछले वर्ष की तुलना में तेज गति से हो रही है। कृषि मंत्रालय द्वारा 8 अगस्त तक जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, धान की बुवाई इस वर्ष अब तक 12 प्रतिशत बढ़कर 364.80 लाख हेक्टेयर पहुंच गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक यह आंकड़ा 325.36 लाख हेक्टेयर था। खरीफ मौसम में कुल बुवाई क्षेत्र बढ़कर 995.63 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 38.48 लाख हेक्टेयर अधिक है। इसमें मुख्य रूप से धान, मोटे अनाज और गन्ने की बुवाई में इजाफा हुआ है। मोटे अनाजों की बुवाई 170.96 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 178.73 लाख हेक्टेयर हो गई है, जबकि गन्ने की बुवाई 55.68 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 57.31 लाख हेक्टेयर दर्ज की गई है। दलहन क्षेत्र में मामूली वृद्धि हुई है, जो अब 106.68 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। हालांकि, कुछ फसलों में गिरावट भी देखी गई है। तिलहन की बुवाई 182.43 लाख हेक्टेयर से घटकर 175.61 लाख हेक्टेयर रह गई, वहीं कपास का रकबा भी घटकर 106.96 लाख हेक्टेयर हो गया है।भारतीय मौसम विभाग ने इस वर्ष मानसून सामान्य से अधिक रहने का अनुमान जताया है, जिससे आगामी हफ्तों में फसलों की बुवाई और उत्पादन में और सुधार की उम्मीद है।

# एसआईपी में निवेश जुलाई में 28,000 करोड़ के पार




**नई दिल्ली ।** भारतीय म्युचुअल फंड उद्योग में व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) का क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2025 में एसआईपी के जरिए 28,464 करोड़ का निवेश हुआ, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। जून में यह आंकड़ा 27,000 करोड़ से ऊपर था, यानी लगातार दूसरे महीने रिकॉर्ड निवेश दर्ज किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि भारतीय निवेशकों की बढ़ती परिपक्वता, वित्तीय जागरूकता, डिजिटल निवेश प्लेटफॉर्म्स की पहुंच और शेयर बाजार में भरोसे के कारण संभव हो सकी है।



# द फैमिली मैन 3 से पहले मनोज बाजपेयी ला रहे हैं इंस्पेक्टर जेंडे

मनोज बाजपेयी और ओटीटी के फैंस जहां द फैमिली मैन सीजन 3 के इंतजार में पलक पावड़े बिछाकर बैठे हैं, वहीं गुरुवार को उनकी एक नई फिल्म की रिलीज डेट आ गई है। मेकर्स ने नई क्राइम थ्रिलर मूवी इंस्पेक्टर जेंडे का फर्स्ट पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसमें मनोज बाजपेयी के साथ जिम सर्भ नजर आएंगे। पोस्टर का अंदाज अलग है और वह एक अखबार की शक्ल में है, जिससे पता चलता है कि यह चोर-पुलिस का मजेदार रोमांचक खेल होने वाला है। यह फिल्म सीधे ओटीटी पर रिलीज हो रही है। मनोज और जिम की यह नई फिल्म अगले महीने सितंबर में ही रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इस फिल्म के प्लॉट या कहानी को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। लेकिन कथित तौर पर, इंस्पेक्टर जेंडे में 70 और 80 के दशक की मुंबई की कहानी है। इंस्पेक्टर जेंडे के राइटर और डायरेक्टर चिन्मय डी. मंडलेकर हैं। यह एक नेटफ्लिक्स ऑरिजनल फिल्म है। निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर ऐलान किया है कि यह क्राइम थ्रिलर 5 सितंबर, 2025 को ओटीटी पर रिलीज होगी।

### इंस्पेक्टर जेंडे की कास्ट

मनोज बाजपेयी इस फिल्म में जहां इसमें इंस्पेक्टर मधुकर जेंडे के लीड रोल में हैं, वहीं जिम सर्भ कुख्यात स्विमसूट किलर कार्ल भोजराज की भूमिका में नजर आएंगे। अन्य कलाकारों में भालचंद्र कदम, सचिन खेडेकर, गिरिजा ओक और हरीश दुधाड़े शामिल हैं।

### ओम राउत और जय ने किया है प्रोड्यूस

फिल्म के प्रोड्यूसर ओम राउत हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, इंस्पेक्टर जेंडे की कहानी देखने, याद रखने और जश्न मनाने लायक है। यह एक रोमांचक चेजिंग की कहानी है। यह जितना मनोरंजक है उतना ही प्रेरणादायक भी। फिल्म को को-प्रोड्यूसर जय शेवक्रमणी कहते हैं, नेटफ्लिक्स का सच्ची कहानियों के प्रति सपोर्ट और उन्हें दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचाने की उनकी क्षमता इस फिल्म के लिए एकदम सही है।






# अनीत पड्डा को सैयारा के लिए मिल रही तारीफ, बोलीं- पूरी मेहनत से करती रहूंगी काम

**नेशनल क्रश बन चुकीं अभिनेत्री अनीत पड्डा ने फिल्म सैयारा के लिए दर्शकों से मिले प्यार के लिए दिल से धन्यवाद किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक भावुक संदेश साझा कर अपने फैंस के प्रति अपने जज्बात बयां किए। उन्होंने कहा कि फैंस का प्यार उन्हें और भी ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रेरित कर रहा है। अनीत पड्डा ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। ये तस्वीरें फिल्म से उनके किरदार की हैं।**

इन तस्वीरों को साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, अब धीरे-धीरे सपने जैसा एहसास खत्म हो रहा है। मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि मैं आपसे प्यार करती हूं। मैं आपको जानती नहीं हूं, लेकिन फिर भी मुझे आपसे प्यार है। आपने जो इतना सारा प्यार मुझे दिया, वो मेरे दिल को गहराई से छू गया। अब मुझे समझ नहीं आ रहा कि मैं क्या करूं, सिवाय इसके कि वो प्यार आपको वापस लौटाऊं।

उन्होंने आगे लिखा, अगर मेरा काम आपको हंसाए, या रुला दे, या कुछ ऐसा याद दिला दे जो आप भूल चुके थे, या फिर अगर इससे आपको थोड़ा भी कम अकेलापन महसूस हो, तो मैं समझूंगी कि मैं सही दिशा में जा रही हूं। मैं कोशिश करती रहूंगी, चाहे मुझसे पूरी तरह सही न हो पाए, लेकिन मैं पूरी मेहनत के साथ काम करती रहूंगी, क्योंकि मैं आपसे प्यार करती हूं। मोहित सूरी निर्देशित फिल्म सैयारा एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा है। इसमें अनीत ने अहान पांडे के साथ अभिनय किया है। उनकी जोड़ी को लोगों ने काफी पसंद किया। फिल्म में अनीत ने एक युवा लेखिका वाणी बत्रा का किरदार निभाया है, जो अल्जाइमर रोग से पीड़ित है। यह कहानी प्रेम और यादों के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में गीता अग्रवाल, राजेश कुमार, वरुण बडोला, शाद रंधावा, सिद्धार्थ मक्कर, आलम खान और शान ग्रोवर जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत मिथुन, तनिष्क बागची, सचेत टंडन-परंपरा ठाकुर, विशाल मिश्रा, फहीम अब्दुल्ला और अपलान निजामी ने तैयार किया। वहीं अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल जैसे गायकों ने अपनी आवाज दी। यह फिल्म 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जमकर राज कर रही है।



# कोलंबिया में शुरू हुई विक्रांत मैसी की 'व्हाइट' की शूटिंग

एक्टर विक्रांत मैसी ने अपनी नई फिल्म 'व्हाइट' की शूटिंग कोलंबिया (साउथ अमेरिका) में शुरू कर दी है। इस फिल्म में वह आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म की कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित है। यह उस शख्स की कहानी है, जिसकी आस्था ने 52 साल पुराने सिविल कॉन्फ्लिक्ट के माहौल में बदलाव लाया। इस संघर्ष में कई बार शांति की कोशिशें नाकाम रहीं, हजारों लोग मारे गए और लोगों की उम्मीद टूट गई थी। फिल्म व्हाइट का डायरेक्शन मोंटू बस्सी कर रहे हैं। वहीं इसको सिद्धार्थ आनंद, महावीर जैन और पीसक्राफ्ट पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं। इसमें कोलंबिया और दुनिया भर के कलाकार और टेक्निकल टीम शामिल हैं। विक्रांत मैसी ने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2007 में टीवी सीरियल 'धूम मचाओ धूम' से की थी। इसके बाद उन्होंने 'धरम वीर' (2008), 'बालिका वधू' (2009-2010) और 'कुबूल है' (2013) जैसे शो में काम किया। फिल्मों में उन्होंने 2013 में 'लूटेरा' से शुरुआत की और 'दिल धड़कने दो' (2015) में सपोर्टिंग रोल किया। उनका बड़ा ब्रेक 2017 में फिल्म 'अ डेथ इन द गंज' से मिला। इसके बाद विक्रांत ने 'मिर्जापुर' (2018), 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' (2018-2019) और 'क्रिमिनल जस्टिस' (2019) जैसी वेब सीरीज में काम किया। उन्होंने 'छपाक' (2020), 'हसीन दिलरुबा' (2021) और 'लव हॉस्टल' (2022) में भी एक्टिंग की। 2023 में आई बायोग्राफिकल फिल्म '12वी फेल' सुपरहिट रही और इसके लिए उन्हें हाल ही में बेस्ट एक्टर के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला।

# क्या इस बार बिग बॉस का हिस्सा बनेंगी दिव्यांका?

## सीजन 19 में एंट्री पर तोड़ी चुप्पी

रियलिटी शो बिग बॉस के 19वें सीजन को लेकर तैयारियां चल रही हैं। शो के नियम और कायदों पर चर्चाओं के साथ प्रतिभागियों के नामों को लेकर भी तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इंटरनेट पर ऐसी चर्चाएं तेज हैं कि इस बार शो में दिव्यांका त्रिपाठी भी हिस्सा लेने वाली हैं। इसके अलावा दिव्यांका के एक्स और को-एक्टर रहे शरद मल्होत्रा के नाम की भी चर्चा है। ऐसी खबरों पर दिव्यांका ने प्रतिक्रिया दी है।

### बिग बॉस में हिस्सा लेने से किया इनकार

सोशल मीडिया पर वायरल कुछ पोस्ट में ऐसा दावा किया जा रहा है कि बिग बॉस सीजन 19 के लिए दिव्यांका त्रिपाठी और शरद मल्होत्रा को अप्रोच किया गया है। संभव है कि दोनों की तरफ से कंफर्म किया जाए। हालांकि, इस तरह की खबरों का दिव्यांका त्रिपाठी ने खंडन किया है। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए इन्हें सिर्फ अफवाह बताया है और बिग बॉस 19 में हिस्सा लेने की बात से साफतौर पर इनकार किया है।

### ऐसी खबरें वे हर साल फैलाते हैं

दिव्यांका त्रिपाठी ने टेली टॉक से बातचीत में बिग बॉस 19 में हिस्सा लेने की खबरों पर इनकार करते हुए इन्हें सिर्फ अफवाह बताया है। एक्ट्रेस ने कहा, यह फेक है। इस तरह की खबरें वे हर साल फैलाते हैं। बता दें कि दिव्यांका इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार्स की खोज, नच बलिए 8, खतरों के खिलाड़ी 11 और खतरों के खिलाड़ी 13 जैसे कई रियलिटी शो में हिस्सा ले चुके हैं। हालांकि, बिग बॉस से उन्होंने अब तक दूरी बना रखी है।

### एक-दूजे को डेट कर चुके हैं शरद-दिव्यांका

बता दें कि दिव्यांका त्रिपाठी और शरद मल्होत्रा कथित तौर पर कभी एक-दूसरे को डेट कर चुके हैं। दोनों ने बनूं मैं तेरी दुल्हन में साथ काम किया था। इसी दौरान दोनों एक-दूजे के करीब आए। आठ साल की डेटिंग के बाद इनका ब्रेकअप हो गया। हालांकि, अब दोनों अपनी-अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश हैं। शरद ने रिप्सी भाटिया से शादी की है। वहीं, दिव्यांका की शादी विवेक दहिया से हुई है।



# रिलीज हुआ घाटी का ट्रेलर, एक्शन मोड में दिखीं अनुष्का शेट्टी

अनुष्का शेट्टी की लंबे समय से अटकी एक्शन-ड्रामा फिल्म घाटी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म 5 सितंबर 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। कृष जगरलामुदी द्वारा निर्देशित फिल्म घाटी के ट्रेलर में खतरनाक पर्वत श्रृंखलाओं में सामने आने वाली गंभीर चुनौती को दिखाया गया है। ट्रेलर में अनुष्का शेट्टी जबरदस्त एक्शन मोड में हैं।

### उग्र किरदार में दिखी अनुष्का

फिल्म के ट्रेलर में, अनुष्का शेट्टी एक उग्र और साहसी महिला का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। वह पहले एक प्यारी साथी होती हैं। इसके बाद उनके साथ कुछ हादसा हो जाता है और वह एक शक्तिशाली बदला लेने वाली महिला बन जाती हैं। ट्रेलर में मादक पदार्थ की तस्करी की दलदली दुनिया दिखाई गई है।

### कई भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म


यूवी क्रिएशन्स बैनर के तहत राजीव रेड्डी और साई बाबू जगरलामुडी द्वारा निर्मित, घाटी तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज होगी। अनुष्का शेट्टी को आखिरी बार मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी (2023) में देखा गया था। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी थी।







# अभिनय से परे इन एक्टर्स ने होस्टिंग में भी आजमाया हाथ

बॉलीवुड की खूबसूरत और दमदार अदाकारा सोनाली बेंद्रे इन दिनों कलर्स टीवी के रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' में कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी के साथ होस्टिंग करती नजर आ रही हैं। फिल्मों में अपनी मासूम मुस्कान और सधी हुई एक्टिंग से दिल जीतने वाली सोनाली का ये नया रूप दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। हालांकि ये पहला मौका नहीं है जब बड़े पर्दे के सितारे छोटे पर्दे पर नजर आए हों। इससे पहले भी कई सितारे एक्टिंग की दुनिया से हटकर होस्टिंग में हाथ आजमा चुके हैं।




### रणवीर सिंह

बॉलीवुड के एनर्जी किंग रणवीर सिंह ने साल 2022 में टीवी डेब्यू किया 'द बिग पिक्चर' के जरिए। कलर्स टीवी पर आए इस क्विज शो में उनका चार्म तो खूब दिखा लेकिन शो टीआरपी के मामले में खास नहीं चला। रणवीर की मेहनत और ब्रांड वैल्यू के बावजूद यह शो मात्र एक सीजन बाद बंद हो गया।



### सलमान खान

टीवी होस्टिंग की दुनिया में अगर किसी स्टार का सबसे लंबा और सफल करियर रहा है, तो वह सलमान खान हैं। उन्होंने 'बिग बॉस' के चौथे सीजन से इसकी होस्टिंग शुरू की थी और अब तक 13 सीजन पूरे कर चुके हैं। सलमान का बतौर होस्ट चौदहवां सीजन भी आने वाला है। उनका दबंग स्टाइल और कंटेस्टेंट्स से सीधी बात दर्शकों को खूब पसंद आती है।



### अमिताभ बच्चन

टीवी की दुनिया में महानायक अमिताभ बच्चन की पहचान 'कौन बनेगा करोड़पति' से जुड़ी है। साल 2000 में शुरू हुए इस शो ने छोटे पर्दे पर क्रांति ला दी थी। बिग बी की आवाज, अंदाज और ज्ञान ने शो को आज तक दर्शकों के दिल में कायम रखा है। वो 16 सीजन तक इस शो का हिस्सा रह चुके हैं और अब जल्द ही वो शो के नए सीजन के साथ वापसी भी करने वाले हैं।



### प्रियंका चोपड़ा

साल 2010 में प्रियंका ने 'फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी' सीजन 3 को होस्ट किया था। यह शो उन्होंने अक्षय कुमार की जगह किया था और अपने दमदार अंदाज से उन्होंने हर किसी को चौंका दिया। हालांकि यह उनका टीवी डेब्यू और आखिरी शो भी रहा, क्योंकि इसके बाद वो कभी टीवी पर वापस नजर नहीं आईं।

### शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी ने 'झलक दिखला जा' और 'सुपर डांसर' जैसे रियलिटी शोज को जज किया है। साल 2016 से 'सुपर डांसर' के साथ जुड़ने के बाद शिल्पा छोटे बच्चों की डांसिंग प्रतिभा को सपोर्ट करती आई हैं। हालांकि जज करने से पहले शिल्पा होस्ट की भूमिका में भी नजर आ चुकी हैं। शिल्पा बिग बॉस सीजन 2 को होस्ट कर चुकी हैं।

### अर्जुन कपूर

अर्जुन कपूर ने साल 2016 में 'खतरों के खिलाड़ी' सीजन 7 को होस्ट किया। हालांकि उन्हें दर्शकों से वैसी सराहना नहीं मिली जैसी अक्षय या रोहित शेट्टी को मिलती रही है। शो की टीआरपी में गिरावट दर्ज हुई, और अर्जुन का ये होस्टिंग डेब्यू असरदार नहीं रहा।

### अक्षय कुमार

बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार ने 'फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी' से साल 2008 में टीवी होस्टिंग शुरू की थी। वो इस एडवेंचर शो के पहले दो और फिर 2011 का सीजन लेकर आए। उनकी फिटनेस और रफ-टफ स्टाइल के चलते ये शो सुपरहिट रहा।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in